*अमेरिका के नए 'अमेरिका फर्स्ट' व्यापार एजेंडे और उसकी आव्रजन नीति को लेकर भारत में व्याप्त चिंताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ महत्वपूर्ण वार्ता करने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचे। ट्रंप ने गुरुवार को पीएम मोदी से मुलाकात के 2 घंटे पहले भारत समेत सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने का ऐलान किया है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहला मौका है, जब पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा पर पहुंचे हैं। पीएम से मुलाकात के पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ को लेकर बड़ी घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए टैरिफ पर घोषणा करते हुए कहा कि जो भी देश हमसे शुल्क लेगा, हम उससे शुल्क लेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि न ज्यादा या न कम, वे हमसे टैक्स या टैरिफ वसूलते हैं और हम बिल्कुल वैसा ही टैक्स या टैरिफ वसूलते हैं। कोई नहीं जानता कि वह संख्या क्या है। आप एक अलग देश में जाएं और देखें कि वे हमसे क्या चार्ज कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने इससे जुड़े नए टैरिफ पॉलिसी पर गुरुवार रात (भारतीय समय के मुताबिक 12:30 बजे) साइन किए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा बयान देते हुए कहा कि अमेरिका अब व्यापार में किसी भी तरह का एकतरफा नुकसान बर्दाश्त नहीं करेगा। ट्रंप ने कहा कि अगर उनसे 100 रुपए का टैक्स वसूला जाता है तो वे भी उस देश से 100 रुपए का टैक्स वसूलेंगे।

**रात 2.30 बजे पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात**



**प्रवासी भारतीयों ने किया स्वागत-** अमेरिकी राष्ट्रपति के अतिथि गृह 'ब्लेयर हाउस' पहुंचने पर भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया। कड़ाके की ठंड और बारिश के बावजूद समुदाय के सदस्य 'ब्लेयर हाउस' में एकत्र हुए। उन्होंने भारतीय एवं अमेरिकी झंडे लहराए और 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' एवं 'मोदी मोदी' के नारे लगाकर प्रधानमंत्री का अमेरिका में स्वागत किया। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ठंड के मौसम में गर्मजोशी से स्वागत।



### मस्क-मोदी की मुलाकात अमेरिकी एनएसए से भी मिले

पीएम नरेंद्र मोदी ने वाशिंगटन डीसी के ब्लेयर हाउस में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से मुलाकात की। मस्क अपने परिवार के साथ पीएम मोदी से मिलने पहुंचे थे। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि मस्क के मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमने अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने मस्क से पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से भी मुलाकात की थी।

### ट्रंप ने पहले ही थी टैरिफ को लेकर घोषणा

ट्रंप ने ऐलान से पहले गुरुवार शाम को टैरिफ लगाने की जानकारी दी थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ऐलान कर आज के दिन को सबसे बड़ा दिन बताया था, साथ अपने दूसरे कार्यकाल के पहले तीन हफ्तों को सबसे बेहतर कहा था।

**भारत पर क्या होगा असर-** अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ बढ़ाया तो इससे नुकसान होगा। भारत अपना 17 फीसदी से ज्यादा विदेशी व्यापार अमेरिका से करता है। अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे फल और सब्जियों का सबसे बड़ा खरीदार है। 2024 में अमेरिका ने भारत से 18 मिलियन टन चावल भी इम्पोर्ट किया है। अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया तो अमेरिकी बाजारों में भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे बिकने लगेंगे।

**दोनों सदनों में जमकर हंगामा**

# वक्फ बिल पर उबाल विपक्ष का वॉकआउट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) बिल, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट को लेकर गुरुवार संसद के दोनों सदनों में एनडीए और विपक्षी सांसदों के बीच तीखी बहस हुई। विपक्षी सांसदों ने रिपोर्ट में आपत्तियों को शामिल नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि असहमति नोट के कुछ हिस्सों को अंतिम रिपोर्ट से हटा दिया गया है। लोकसभा में इस रिपोर्ट को संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की ओर से पेश किया गया। इस दौरान विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के कारण कार्यवाही बाधित हुई।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाए आरोप

विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष फर्जी रिपोर्ट को स्वीकार नहीं करेगा जो हमारे विचारों को कुचलती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की कि रिपोर्ट को वापस संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाए और फिर से पेश किया जाए।

### इधर, पर्सनल लॉ बोर्ड ने दी चेतावनी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को धार्मिक भेदभाव पर आधारित तथा संविधान के मूल्यों के खिलाफ करार दिया। बोर्ड के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि यदि विधेयक को पारित किया गया तो राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार को सबका साथ, सबका विकास के अपने नारे पर अमल करते हुए इस विधेयक को वापस लेना चाहिए।

**ग्वालियर में दिनदहाड़े वारदात**

# मां की आंखों में मिर्च झोंक कारोबारी के बेटे का अपहरण



एजेंसी ▶▶| ग्वालियर

जिले के मुरार थाना क्षेत्र में एक शक्कर कारोबारी के बच्चे को बेखौफ बदमाश दिनदहाड़े किडनैप करके ले गए। बाइक सवार बदमाशों ने बच्चे की मां की आंखों में मिर्च झोंक दिया और बच्चे को लेकर भाग गए। अपने 8 साल के बेटे को बचाने के लिए मां दौड़ी लेकिन वह रास्ते में ही गिर गई। अपहरण की ये घटना तब हुई जब मां अपने बेटे को स्कूल छोड़ने जा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पिता जिले के बड़े शक्कर व्यापारी

अपहृत बच्चे शिवाय के पिता राहुल गुप्ता जिले के बड़े शक्कर कारोबारी हैं। सुबह कारोबारी की पत्नी स्कूटी से अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थी। इस दौरान लाल रंग की बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। बदमाशों ने महिला की आंख में मिर्ची झोंक दी और बच्चे को उठा कर ले गए। घटना की जानकारी लगते ही मुरार पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस पूरे इलाके की नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# महंत सत्येंद्र दास को सरयू तट पर दी जल समाधि

एजेंसी ▶▶| अयोध्या



अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दिवंगत मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास को बृहस्पतिवार की शाम जल समाधि दी गई। आचार्य सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को पालकी में रखकर उनके निवास स्थान से सरयू नदी के तट पर ले जाया गया, जहां तुलसीदास घाट पर उन्हें जल समाधि दी गई।

### निकली अंतिम यात्रा

रामानंदी संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार, जल समाधि देने से पहले रामलला के मुख्य पुजारी के पार्थिव शरीर को शहर में घुमाया गया, ताकि लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर अमर रहे के जयकारे लगाए। मुख्य पुजारी के अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोग सरयू तट पर खड़े थे। फैजाबाद/अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने जल समाधि से पहले आचार्य सत्येंद्र दास को श्रद्धांजलि दी।

# जय अंबे इमरजेंसी सर्विस ने किए 30 करोड़ रुपए सरेंडर

- **वित्तीय अनियमितता के चलते आईटी की टीम ने 108 सेवा प्रदाता कंपनी के यहां किया था सर्वे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में इमरजेंसी सर्विस 108 सेवा उपलब्ध कराने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विस में आयकर विभाग की टीम गुरुवार दोपहर सर्वे का काम कंपलीट कर लौटी है। इस दौरान इमरजेंसी सर्विस उपलब्ध कराने वाली कंपनी द्वारा वित्तीय अनियमितता स्वीकर करते हुए आईटी टीम के पास 30 करोड़ रुपए सरेंडर करने की जानकारी मिली है। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग की टीम ने जय अंबे इमरजेंसी सर्विस के अवंति विहार सेक्टर-2, ग्लोबल टावर ▶▶|शेष पेज 6 पर


जय अंबे इमरजेंसी सर्विस के दफ्तर में आईटी सर्वे

### स्थापना लागत, खर्चे में गड़बड़ी

आईटी की जांच में यह सामने आया है कि कंपनी ने अपनी स्थापना लागत और खर्चों को अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया था, जो कर देनदारी से बचने के लिए फर्जी बिलिंग के तौर पर उपयोग किया जा रहा था। आईटीआर तथा अन्य रिकार्ड में बड़े पैमाने पर खर्च दिखाकर प्राफिट कम दर्शाने की शिकायत का आंकलन के बाद यह कार्रवाई की ▶▶|शेष पेज 6 पर

**हलफनामा पेश करने चार सप्ताह का दिया समय**

# केंद्र सरकार को साइबर एक्सपर्ट नियुक्ति के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने प्रदेश में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य का कोई विशेषज्ञ नहीं होने पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है, जहां साइबर अपराध हो रहे हैं, ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति बिलकुल जरूरी है। हाईकोर्ट ने केन्द्र सरकार को तत्काल साइबर एक्सपर्ट की नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट में प्रदेश में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य का कोई विशेषज्ञ ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चीफ जस्टिस ने की टिप्पणी

चीफ जस्टिस ने इस मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा, जैसा कि मामला प्रतीत होता है, आजकल एक गंभीर चिंता का विषय है। साइबर अपराध हो रहे हैं, ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति बिलकुल जरूरी है और भरोसा है कि भारत संघ नियुक्ति के लिए तत्काल कदम उठाएगा। अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा को चार सप्ताह में हलफनामा दाखिल कर सूचित करने निर्देश दिया है कि किस व्यक्ति को नियुक्त किया गया है। अगली सुनवाई की तारीख 10 मार्च को रखी गई है।




टेक्नो-नॉलेज / शिखर चंद जैन

हर बच्चे को गेम्स खेलने में मजा आता है। कितना अच्छा हो, अगर स्कूल के क्लासरूम में भी पढ़ाई के बजाय कोई गेम खेलने को कहा जाए और इसी के साथ-साथ खेल में स्टडी-लर्निंग भी हो जाए। सोचकर देखो, कितना मजा आएगा! ऐसा हो सकता है, 'गेमिफिकेशन' के जरिए। जानो, गेमिफिकेशन के बारे में।

# गेमिफिकेशन खेल-खेल में स्टडी



बच्चों, कितना मजा आए, अगर तुम्हें क्लास में किताबें खोलकर लेसन पढ़ने या टीचर का लेक्चर सुनने की बजाय पजल सॉल्व करने, कोड, डिकोड करने और गेम खेलकर कोई टारगेट अचीव करने का टास्क दिया जाए। तुम सोच रहे होगे, यह कैसे संभव है, यह तो कोरी कल्पना है। भला स्कूल में गेम कैसे खेल सकते हैं? ऐसा हुआ तो सिलेबस कैसे कंप्लीट होगा? डोंट वरी बच्चों, अब लर्निंग और टीचिंग का नया कॉन्सेप्ट आ चुका है- गेमिफिकेशन। इससे करिकुलम में गेम एलिमेंट डालकर क्लासरूम को इंटरेस्टिंग और एक्साइटिंग बनाया जा रहा है। बच्चों, जानो इस बारे में।

### क्या है गेमिफिकेशन

एजुकेशन फील्ड में गेमिफिकेशन एक बहुत बड़ा कदम है। शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों ने मिलकर इसके माध्यम से बच्चों में क्रिएटिविटी बूस्ट करने, उन्हें मोटिवेट करने और सीखने के लिए प्रेरित करने वाला काम किया है। बच्चों, गेमिफिकेशन को किसी वीडियो गेम की तरह डिजाइन किया गया है। इसमें तुम बड़े ही मजेदार ढंग से खेल-खेल में नई और ज्ञानवर्धक बातें सीख सकते हो।

### कैसे प्रचलन में आया गेमिफिकेशन टर्म

ब्रिटिश कंप्यूटर प्रोग्रामर और आविष्कारक निक पेलिंग ने 2002 में 'गेमिफिकेशन' शब्द गढ़ा था। उस समय वे कमर्शियल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए गेम जैसे इंटरफेस तैयार कर रहे थे। साल 2010 में इस शब्द को व्यापक रूप से अपनाया गया। पेलिंग ने उद्योग, व्यापार और शिक्षा के लिए उपकरण के रूप में इन-गेम मैकेनिक्स की क्षमता और व्यावहारिकता को देखा। जैसे-जैसे 'गेमिफिकेशन' लोकप्रिय होता गया, इसके अनेक उपयोगों को रेखांकित करने वाले आर्टिकल्स पब्लिश होने लगे। इसके बाद इसे अलग-अलग क्षेत्रों में अपनाया जाने लगा।



### इंटरेस्टिंग लर्निंग प्रोसेस

गेमिफिकेशन के माध्यम से लर्निंग का प्रोसेस इतना इंटरेस्टिंग होता है कि तुम इसमें पूरी तरह इन्वॉल्व हो जाओगे। हर स्टेप को कंप्लीट करने के बाद जब तुम्हें रिवॉर्ड्स और प्वॉइंट्स मिलेंगे, तो तुममें सीखने का नया जोश आएगा। गेमिफिकेशन के माध्यम से साइंस, मैथ्स जैसे कठिन विषयों को तुम आसानी से समझ सकोगे।

### आएगा होमवर्क करने में भी मजा

अकसर बच्चों को होमवर्क करना बोरिंग लगता है। लेकिन गेमिफिकेशन के माध्यम से होमवर्क भी इंटरेस्टिंग लगने लगता है। स्कूल से मिला हुआ टास्क तुम्हारे लिए एडवेंचरस गेम बन जाता है। गेमिफिकेशन के दौरान अगर तुम कोई स्टेज हार जाते हो या किसी प्रॉब्लम को सॉल्व नहीं कर पाते, तो तुम्हें अपनी गलती के बारे में बताया जाता है। आगे अपना टास्क कंप्लीट करने के लिए गाइड भी किया जाता है। यह कंप्लीट प्रोसेस बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक होता है।

### डेवलप होते हैं ये स्किल्स

गेमिफिकेशन के अंतर्गत क्लासरूम या घर में टास्क या पजल्स सॉल्व करते समय या फिर कोड को डिकोड करते समय तुम्हें दिमाग पर जोर डालना पड़ता है। इससे तुम्हें क्रिटिकल और शार्प थिंकिंग की ट्रेनिंग मिलती है। दोस्तों के साथ गेम खेलते हुए सीखना तुम्हारे मन में कॉम्पिटिशन का भाव जगाता है। इससे तुम्हें जीतने की प्रेरणा मिलती है। गेमिफिकेशन के अंतर्गत कुछ रिस्क, तुम्हें खेलने का तरीका चुनने की आजादी देते हैं। इससे तुम अपने तरीके से गेम खेल सकते हो और सीख सकते हो। गेमिफिकेशन में तुम्हें जीतने के कई प्रयास करने की छूट मिलती है, इसे तुम तब तक खेल सकते हो, जब तक कि जीत न जाओ। इसमें जीतने के बाद तुम्हारा कॉन्फिडेंस बूस्ट होता है। *

### गेमिफिकेशन के पांच फायदे

बच्चों, गेमिफिकेशन के मुख्य रूप से पांच फायदे हैं। इनके बारे में भी तुम्हें जानना चाहिए-



**सेल्फ असेसमेंट:** गेमिफिकेशन के जरिए तुम्हें अपनी प्रोग्रेस पर नजर रखने में मदद मिलती है। किसी कारणवश अगर तुम इसे बीच में डिस्कंटिन्यू भी कर देते हो, तो दोबारा लॉग इन करते ही तुम्हारा टास्क या गेम वहीं से शुरू हो जाता है, जहां तुमने इसे छोड़ा था।

**इंटर एक्टिविटी:** गेमिफिकेशन के दौरान स्टूडेंट्स आपस में डिस्कशन करते हैं। साथ ही पार्टिसिपेंट्स सिस्टम के साथ भी संवाद कर सकते हैं और दी गई जानकारी का उपयोग टारगेट अचीव करने में कर सकते हैं।

**इमर्शन:** आजकल 3 डी गेमिंग काफी पॉपुलर है। इस गेम को खेलने वाला कंटेस्टेंट या स्टूडेंट पूरी तरह से गेम में डूब जाता है, और खुद को एक अलग ही दुनिया में पाता है, जहां सिर्फ एंटरटेनमेंट और लर्निंग का ही माहौल होता है।

**कॉम्पिटिशन:** गेमिफिकेशन से परस्पर कॉम्पिटिशन की भावना जागृत होती है। जब कोई कंटेस्टेंट ज्यादा रिवॉर्ड और बैज हासिल करता है, तो अन्य कंटेस्टेंट्स के मन में भी कड़ी मेहनत करने की इच्छा होती है।

**फोकस:** गेमिफिकेशन एक इंटरेस्टिंग एक्टिविटी है। इसमें तुम बोर नहीं होते और न ही तुम्हारा ध्यान इधर-उधर भटकता है। इससे तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल बढ़ता है।

इंटरेस्टिंग इंफॉर्मेशन / नयनतारा



बच्चों, एक समय तक समुद्र या नदी की गहराइयों में इंसान का जाना आसान नहीं होता था। लेकिन एक्वालंग के आविष्कार के बाद पानी की गहराई में जाना आसान हो गया। जानो, क्या होता है एक्वालंग? इसका आविष्कार कब, किसने किया और यह कैसे काम करता है?

# एक्वालंग से आसान हुई अंडर वाटर एक्टिविटी

बच्चों, इंसान हमेशा से ही पानी के भीतर की दुनिया के बारे में जानने को जिज्ञासु रहा है। लेकिन कुछ दशक पहले तक पानी के भीतर जाना आसान नहीं होता था। पानी के भीतर घटता-बढ़ता दबाव एक बड़ी समस्या थी। पानी के अंदर मूवमेंट करना भी बहुत मुश्किल था। इन सबसे भी बड़ी समस्या यह थी कि पानी के अंदर सांस लेने के लिए हवा कैसे मिले? इस समस्या से निपटने के लिए एक्वालंग का आविष्कार किया गया। इस आविष्कार के बाद पानी के भीतर जाना काफी आसान हो गया। एक्वालंग का आविष्कार कैप्टन जैक-य्वेस कौस्तेयु और एमिले गैगनन ने 1943 में किया था। एक्वालंग की वजह से अंडरवाटर वर्ल्ड के सारे रहस्य खुल गए।



**पहले ऐसे होती थी अंडर-वाटर एक्टिविटी:** बच्चों, एक्वालंग के आविष्कार से पहले भी लोग अंडर वाटर एक्टिविटीज करते थे। लेकिन ऐसा करना बहुत ही मुश्किल होता था। तब एयर सप्लाई के साथ कुछ प्रशिक्षित व्यक्ति ही डाइव करते थे, वह भी जटिल, वजनी डीप-सी सुइट्स और हेल्मेट्स के साथ। इनमें हाई-प्रेशर एयर लाइंस होती थीं, जो सतह से जुड़ी होती थीं। इतने सारे जटिल इक्विपमेंट्स के साथ डाइविंग बहुत मुश्किल होता था।

**क्या होता है एक्वालंग:** एक्वालंग एक ऐसा इक्विपमेंट है, जो पानी के अंदर की गतिविधियों को आसान बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह पहले इस्तेमाल किए जा रहे भारी-भरकम इक्विपमेंट की तुलना में कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल होता है। जिससे अंडर वाटर एक्टिविटीज में इसका इस्तेमाल करना काफी आसान है।

**कैसे काम करता है एक्वालंग:** डाइविंग से पहले, डाइवर्स की कमर पर एक हाई-प्रेशर सिलिंडर स्ट्रैप कर दिया जाता है, जिससे उन्हें नियमित एयर सप्लाई मिलती रहती है। एयर सिलिंडर से डिमांड रेग्युलेटर जुड़ा होता है, जो सांस लेने वाली हवा को उसी प्रेशर का कर देता है, जो आस-पास के पानी का प्रेशर होता है। इसे एडजस्ट करने के लिए वॉल्व नहीं होते हैं। डाइवर को सिर्फ सांस लेनी होती है। गहराई चाहे जितनी हो एक्वालंग से एकदम सही प्रेशर मिलता है। इससे सांस लेना उतना ही ऑटोमेटिक और नेचुरल हो जाता है, जितना कि जमीन पर होता है।

एक्वालंग के आविष्कार के बाद स्कूबा डाइविंग तेजी से पूरी दुनिया में पॉपुलर हो गई और डाइविंग को आसान बनाने के लिए एक्वालंग के अलावा कई अन्य उपकरण भी बनाए जाने लगे। *

तुम्हारे लिए नई किताब

# सबक सिखाती ईरानी कहानियां

बच्चों, जैसे तुमको अपने दादा-दादी, नाना-नानी से प्यारी-प्यारी कहानियां सुनना या स्टोरी बुक्स से कहानियां पढ़ना अच्छा लगता है, वैसे ही दुनिया भर के अन्य देशों के बच्चे भी बड़े चाव से कहानियां पढ़ते-सुनते हैं। कुछ समय पहले ही एक नई किताब 'ईरानी बच्चों की कहानियां' छपकर आई है। इसमें तुम ईरान देश में रहने वाले बच्चों के बीच लोकप्रिय चौदह कहानियों का हिंदी अनुवाद पढ़ सकते हो। इन कहानियों में तुमको अपने जैसे नटखट, समझदार बच्चों समेत बकरी, डॉगी, डंकी, हाथी, भेड़िए आदि की कहानियां भी पढ़ने को मिलेंगी। 'बकरी का बच्चा' एक बहादुर लेकिन नासमझ बकरी के बच्चे की कहानी है, जिसे मुसीबत में फंसने पर अपनी गलती का अहसास होता है। 'आजादी' कहानी में गुलाम रहने की तकलीफ और आजादी से अपना जीवन जीने की महत्ता को एक जंगली डॉगी की कहानी के जरिए बताया गया है। इसी तरह 'चोर और संत' कहानी बताती है कि जो लोग सज्जन होते हैं, मुसीबत में उनकी मदद को सभी तैयार रहते हैं। 'किस्सा घड़ी की सुई का', 'हवा और पतंग', 'सींग की तलाश' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। इस किताब की सभी कहानियां तुम्हारा मनोरंजन तो करेंगी ही, तुम्हें जरूरी सबक भी सिखाएंगी। इनको पढ़ते हुए तुम्हें लगेगा जैसे तुम अपने देश में प्रचलित 'पंचतंत्र' या 'हितोपदेश' की कहानियां पढ़ रहे हो। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चे किसी भी देश के क्यों न हों, सब एक जैसे ही होते हैं। सब बच्चों को पढ़ाई करना, खेलना, हंसना और कहानियां पढ़ना पसंद होता है। *




-विज्ञान भूषण

**किताब:** ईरानी बच्चों की कहानियां, **अनुवादक:** राजेश सरकार, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली

# सबको बांटो प्यार

बच्चों ने वैलेंटाइन-डे के मौके पर जब बाजार में एक अलग ही रौनक का माहौल देखा तो उन्होंने भी तय किया कि वे भी कुछ अलग ढंग से वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करेंगे। इस मौके पर बच्चों ने जिस तरह, जिन लोगों के बीच जाकर प्यार बांटा, वह सचमुच बहुत अनोखा था।




कहानी
अलका जैन 'आराधना'

इधर कई दिनों से रोहन, सान्वी, आयुष और मिष्टी स्कूल से लौटते समय बाजार में जगह-जगह दुकानों पर दिल के आकार के गुब्बारे और रेड पैक में गिफ्ट आइटम्स सजे देख रहे थे। सान्वी उत्सुकता से बोली, 'हर जगह इस तरह दिल-दिल के आकार में रेड आइटम्स दुकानों में क्यों सजे हैं? क्या कोई फेस्टिवल आने वाला है?'

आयुष हंसते हुए बोला, 'हां, बड़ा फेस्टिवल आ रहा है- वैलेंटाइन-डे।'

रोहन कुछ गंभीर स्वर में बोला, 'फेस्टिवल तो सब अच्छे होते हैं। दिवाली पर दिये जलाते हैं, होली पर रंग खेलते हैं। लेकिन वैलेंटाइन-डे तो बच्चे नहीं मनाते हैं। यह तो बड़े मनाते हैं। हमारा वैलेंटाइन-डे से कोई लेना-देना नहीं है।'

मिष्टी गोल-गोल आंखें घुमाती हुई बोली, 'क्यों नहीं लेना-देना है? हम बच्चे भी अपने ढंग से वैलेंटाइन-डे मना सकते हैं। हमारे आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं, जिनसे हम प्यार पाते हैं या हम उन्हें प्यार देते हैं। हम इनके साथ वैलेंटाइन-डे मना सकते हैं। इन्हें गुलाब का फूल और कोई गिफ्ट दे सकते हैं।' चारों बच्चों ने एक-दूसरे की तरफ देखा और उत्साह से भर उठे। सान्वी खुश होकर बोली, '...तो इस बार हम भी वैलेंटाइन-डे अपने तरीके से मनाएंगे!'

आयुष हां में हां मिलाते हुए बोला, 'हां, हम ऐसे ही एक यादगार वैलेंटाइन-डे मनाएंगे, जो सबको पसंद आए।'

रोहन ने पूछा, 'लेकिन हम करेंगे क्या...'

मिष्टी ने कुछ सोचा और उछल कर बोली, 'सुनो! हम उन लोगों के लिए कुछ करेंगे, जो हर दिन हमारे लिए मेहनत करते हैं, जैसे- दूध और अखबार वाले अंकल, कॉलोनी के गार्ड अंकल और हमारे घर में काम करने वाली मेड।' सान्वी झट से बोली, 'हम अपने दादा-दादी, नाना-नानी को भी इस अवसर पर न भूलें, वे हमें कितना प्यार करते हैं, हमारा ख्याल रखते हैं। इनको भी गुलाब का फूल देकर थैंक्स बोलेंगे। साथ ही हम पास के ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी के पास भी जाएंगे, ये लोग हमेशा हमें हंसाते हैं।' आयुष चहक कर बोला, 'तो तय रहा! हम वैलेंटाइन-डे पर इनके पास जाएंगे, इन्हें गुलाब का फूल देंगे, इनके लिए कुछ और भी खास करेंगे।'

अगले दिन चारों अपने-अपने गुल्लक लेकर मिष्टी के घर पहुंचे। सभी बहुत उत्साहित थे। रोहन गुल्लक रखते हुए बोला, 'यह रहा मेरा खजाना। पिछले साल से जमा कर रहा हूं।'

सान्वी बोली, 'मेरा गुल्लक चॉकलेट के पैसों का है।' आयुष ने खिलखिला कर हंसते हुए कहा, '...और ये मेरा आइसक्रीम फंड है।' मिष्टी बोली, '...और मेरी गुल्लक में दिवाली-होली के ईनाम के पैसे हैं। चलो, गिनती शुरू करें।'

सभी ने गुल्लक में जमा किए सिक्के और नोट गिनने शुरू किए। इन्हें गिनने के बाद सब एक साथ बोले, 'अरे वाह...! इतने में तो हम बहुत अच्छे से अपना काम कर सकते हैं। वैसे भी हम यह काम अपने मम्मी-पापा की परमिशन से ही कर रहे हैं। वे भी बहुत खुश हैं, हमारे इस शानदार आइडिया के बारे में जानकर। उन्होंने भी अपनी तरफ से कंट्रीब्यूट करने का वादा किया है।'

अगले दिन सभी बच्चे बाजार गए। बाजार सजावट और रौनक से भरा हुआ था। रोहन एक मग उठाते हुए बोला, 'यह दूध वाले अंकल के लिए। इस पर लिखा है, 'बेस्ट मॉर्निंग फ्रेंड।' आयुष पेन सेट दिखाते हुए बोला, 'अखबार वाले अंकल के लिए।'

सान्वी एक सुंदर स्टोल उठाते हुए बोली, 'यह कामवाली बाई के लिए। वह हमेशा कहती हैं, सादगी में ही खूबसूरती है।'

मिष्टी एक टॉर्च उठाते हुए बोली, 'गार्ड अंकल के लिए... वह रातभर ड्यूटी करते हैं, ताकि हमारे घर सेफ रहें।'

इसके अलावा बच्चों ने ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी के लिए गर्म शॉल खरीदा। सबसे बाद में बच्चों ने ढेर सारे गुलाब के फूल भी खरीदे।

वैलेंटाइन-डे की सुबह बच्चे गिफ्ट और गुलाब के फूल लेकर सबके घर गए। सबने उन्हें धन्यवाद दिया और बहुत खुश हुए, क्योंकि उनके बारे में लोग ज्यादा कुछ सोचते नहीं हैं।

शाम को बच्चे ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी को गिफ्ट देने पहुंचे। मिष्टी और दूसरे बच्चों ने दादाजी-दादीजी के पांव छूकर कहा, 'दादाजी, दादीजी, यह आपके लिए और साथ में हमारे हाथ से बना यह कार्ड। बच्चों ने दादाजी-दादीजी के साथ केक काटा और सबने मिलकर खूब मस्ती की।'

घर लौटते हुए चारों बच्चे बहुत खुश थे। उन्होंने सबके साथ प्यार बांटकर वैलेंटाइन-डे जो अनोखे तरीके से मनाया था। *

कविता
फहीम अहमद



## डाकिया अंकल

अहा, डाकिया अंकल आए
लेकर चिट्ठी और किताब।।
घर-घर में चिट्ठी पहुंचाना
है अंकल का प्यारा पेशा।
ले आते पापा की खातिर,
जब-तब खुशी भरा संदेशा।
पढ़ते ही पापा का मुखड़ा
लगता जैसे खिला गुलाब।।
कंधे पर लटकाए थैला,
चेहरे पर मुस्कान अनूठी।
सर्दी, गर्मी हो या बारिश
नहीं भूलते अपनी ड्यूटी।
दरवाजे पर दस्तक देकर,
करते राम-राम, आदाब।।
गली, मुहल्ले के हर घर से,
उनकी है पहचान पुरानी।
थैले में भर ले आते हैं,
हर दिन कोई नई कहानी।
खूब दुआएं पाते हैं वे,
जिसका कोई नहीं हिसाब।।

## जीके क्विज-141

1. अभी हाल ही में घोषित दिल्ली विधान सभा चुनाव परिणामों में किस राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त हुआ है?
2. किस क्रिकेट खिलाड़ी ने पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया?
3. अमेरिका के बाद किस देश ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अलग होने की घोषणा की है?
4. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5. महावीर स्वामी का मूल नाम क्या था?
6. स्वतंत्र भारत के प्रथम कृषि मंत्री कौन थे?
7. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
8. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
9. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
10. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-140 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-140 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.डिब्रूगढ़, 3.लद्दाख और जम्मू कश्मीर, 4.निर्मला सीतारमण, 5.ऑस्मियम, 6.वुलर झील, 7.किडनी, 8.स्कॉटलैंड, 9.मैलिक एसिड, 10.ग्रीनलैंड

**जीके क्विज-140 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, श्वेता-बिलासपुर, रमेश-कोरबा, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, खुशबू-दुर्ग, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, काम्या-महासमुंद

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.दीवार पर लगी क्लॉक में अलग टाइम शो हो रहा है। 2.पीछे बाईं तरफ बैठी बिल्ली के दोनों अगले पंजे आपस में जुड़े हुए नहीं हैं। 3.पीछे बीच में बैठी बिल्ली हंस नहीं रही है। 4.पीछे दाईं तरफ बैठी बिल्ली की पूंछ दूसरी तरफ दिख रही है। 5.आगे बाईं तरफ बैठी बिल्ली की जीभ अंदर है। 6.बीच में लेटी हुई बिल्ली की दोनों आंखें खुली हुई हैं। 7.आगे दाईं तरफ बैठी बिल्ली के बाएं पैर में कम धारियां हैं।

## एक जैसे दो चित्र ढूंढ़ो

बच्चों, यहां कई बच्चों के चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। बाकी चित्रों में कोई-न-कोई अंतर जरूर है। तुम एक जैसे दिखने वाले दो चित्रों को पहचान कर, उसको पेंसिल से गोलाकार घेर दो।



## खबर संक्षेप

### वक्फ संशोधन विधेयक पर बोले बृजमोहन- यह कदम देशहित में

**रायपुर।** लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा, अब तक वक्फ बोर्ड के माध्यम से केवल जमीन का अतिक्रमण किया गया है। इस प्रक्रिया से गरीब अल्पसंख्यकों को कोई लाभ नहीं मिला है, बल्कि करोड़ों एकड़ जमीन पर अनधिकृत कब्जा कर लिया गया है, जो किसी उपयोग में भी नहीं आ रही है। श्री अग्रवाल ने कहा वक्फ बोर्ड के नाम पर बड़े पैमाने पर जमीनों का दुरुपयोग हुआ है और इससे वास्तविक जरूरतमंद लोग वंचित रह गए हैं। उन्होंने इस संशोधन विधेयक को न्यायोचित और जनहितकारी बताते हुए कहा कि इससे अनावश्यक अतिक्रमण पर रोक लगेगी और संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित होगा। श्री अग्रवाल ने कहा, केंद्र सरकार का यह कदम देशहित में है और इससे जमीनों के दुरुपयोग पर लगाम लगेगी।

### भाजपा का सवाल- क्या पायलट, दिग्विजय वीआईपी नहीं हैं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह सहित छत्तीसगढ़ के कई सांसद विधायकों के कुंभ जाने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा, वीआईपी लोगों को कुंभ में नहीं जाना चाहिए, इस पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कांग्रेस से पूछा कि क्या कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट वीआईपी नहीं हैं क्या? ये सभी पिछले 24 घंटे में कुंभ में स्नान कर आए हैं और इनका जाना पूरे वीआईपी प्रोटोकॉल से हुआ है। श्री चिमनीनी ने कहा वास्तव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस और भूपेश बघेल को इस बात की पीड़ा है कि विष्णुदेव साय सरकार में सभी जनप्रतिनिधियों को कुंभ के स्नान करने का अवसर मिल रहा है सनातन धर्म की जब जब बात आती है भूपेश बघेल इसके विरोध में खड़े दिखाई देते हैं, इससे पहले भी कई बार वह सनातन विरोधी बयान दे चुके हैं। बजरंग दल का भी मजाक बना चुके है। वो खुद तो प्रयागराज गए नहीं तो कम से कम जो गए हैं उनके खिलाफ टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। छत्तीसगढ़ से उनकी ही पार्टी से कई कांग्रेस विधायक भी कुंभ में स्नान करने गए तो क्या भूपेश बघेल उन्हें पार्टी से निकलवा देंगे या डीके शिवकुमार,सचिन पायलट, दिग्विजय सिंह का विरोध करेंगे।

### मतदान के दूसरे दिन सरकारी कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

**रायपुर।** जिले में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे दिन जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। चुनाव ड्यूटी के कारण कई कर्मचारी बुधवार को ड्यूटी पर सुबह समय पर पहुंच नहीं पाए, वहीं कई कर्मचारी थकान मिटाने के लिए छुट्टी पर भी रहे। यह स्थिति तहसील कार्यालय में भी देखने को मिली। रायपुर नगर निगम सहित पांच नगर पालिका परिषद एवं पांच नगर पंचायत चुनाव के लिए मंगलवार को वोटिंग हुई है। इसके लिए प्रशासन ने स्कूल विभाग से लेकर जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की मतदान केंद्रों में ड्यूटी लगाई थी।

### ब्रेकअप करने की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में गोंदवारा निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ ब्रेकअप करने की बात से नाराज होकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। 31 वर्षीय महिला ने गौरव सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि गौरव के साथ उसका पूर्व में प्रेम प्रसंग था। पांच महीने से बातचीत बंद होने से नाराज गौरव महिला के घर पहुंचा और उससे बातचीत नहीं करने की बात को लेकर विवाद करते हुए मारपीट की।

---

**72 साल के मरीज को मिली राहत, नसों में ब्लॉकेज के कारण सिर्फ 40% काम कर रहा था दिल**

# उम्मीद ने लौटाई जिंदगी... आंबेडकर में बाईपास सर्जरी के लिए इंतजार करता रहा मरीज , 4 साल बाद सुविधा शुरू

## सरकारी अस्पताल में सर्जरी कराने मरीज ने किया डेढ़ माह तक इंतजार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग में कोरोनरी बाईपास की शुरुआत हो गई है। चार साल बाद यहां फिर से बाईपास सर्जरी की गई। ऑपरेशन करके दुर्ग में रहने वाले 72 साल के मरीज को हार्ट से संबंधित परेशानी से राहत दिलाई गई। ब्लाकेज की वजह से उसका हार्ट केवल 40% ही काम कर रहा था। सरकारी सेवा से रिटायर हुए इस कर्मचारी को सरकारी अस्पताल पर पूरा विश्वास था।निजी अस्पताल में इलाज कराने के स्थान पर उसने बाईपास सर्जरी शुरू होने की संभावना पर पूरे डेढ़ माह इंतजार किया। ऑपरेशन करने वाले हार्ट सर्जन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया, दुर्ग जिले के रहने वाले इस 72 वर्षीय मरीज को डेढ़ महीने पहले छाती में तेज दर्द हुआ था। इसके कारण उन्हें स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

ईसीजी देखकर हार्ट अटैक का पता चल गया था। एंजियोग्राफी से स्पष्ट हुआ कि हृदय की मुख्य नस में 65 प्रतिशत तथा अन्य तीनों नसों में 90 से 95 प्रतिशत ब्लॉकेज था। ब्लॉकेज इतना ज्यादा था कि वहां के डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी करने से मना कर दिया एवं वहां से कोरोनरी बाईपास सर्जरी के लिए बड़े संस्थान में रेफर कर दिया। इस मरीज के रिश्तेदार एवं स्वयं मरीज ने आंबेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग की कई सफल सर्जरी के बारे में काफी सुना था, इसलिए उन्होंने अन्य संस्थान न जाकर प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में अपना ऑपरेशन कराने का फैसला लिया।



मरीज एवं उसके रिश्तेदार एंजियोग्राफी की सीडी लेकर विभागाध्यक्ष से मिलने पहुंचे थे। परिजनों को बताया गया कि कुछ दिनों बाद यहां पर बाईपास सर्जरी की सुविधा प्रारंभ होने की संभावना है। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन एवं विभाग के उच्च अधिकारी सतत सक्रिय हैं। इस बीमारी में बाइपास शीघ्र करना अत्यंत आवश्यक है। सुविधा शुरू होने की आस में मरीज और उनके परिजनों ने इंतजार करने का जोखिम उठाना मंजूर किया। यह ऑपरेशन सामान्य कोरोनरी बाईपास सर्जरी से ज्यादा क्रिटिकल इसलिए था, क्योंकि मरीज के हार्ट की तीनों नसों के ब्लॉकेज के साथ-साथ मुख्य नस में भी ब्लॉकेज था। हार्ट मात्र 40 प्रतिशत ही कार्य कर रहा था एवं मरीज को क्रॉनिक किडनी डिजीज थी। बीमारी के कारण मरीज का क्रिएटिनिन लेवल 1.5 एमजी था। कई बार ऐसे मरीजों को अचानक किडनी फेल हो जाने के चांस बढ़ जाते हैं और डायलिसिस की नौबत आ जाती है।

### यह है बाईपास

ओपन हार्ट सर्जरी के लिए छाती को खोलकर हार्ट लंग मशीन की सहायता से हार्ट और फेफड़ों के कार्य को बंद किया जाता है। फिर हृदय के चेंबर को खोलकर या तो वॉल्व बदला जाता है या फिर रिपेयर किया जाता है या फिर दो चेंबर के बीच छेद को बंद किया जाता है। बाईपास सर्जरी में छाती को खोला जाता है परंतु हार्ट के चेंबर को नहीं खोला जाता। यह तब किया जाता है जब हार्ट के मांसपेशियों को सप्लाई करने वाली नस में ब्लॉकेज होता है। इस ऑपरेशन में छाती के अंदर से हाथ से रेडियल आर्टरी एवं पैरों से सैफेनस वेन को ब्लॉकेज वाले हिस्से में जोड़ दिया जाता है। विभागाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, परफ्यूशनिस्ट, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन, आईसीयू स्टाफ के साथ मिलकर इसे पूरा किया गया।

---

## प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के सालों पुराने डाक्यूमेंट इस तरह से किए जा रहे ऑनलाइन

# 15 से 20 मिनट में स्कैनिंग, पीडीएफ बनाने के बाद चंद मिनटों में रजिस्ट्री के सारे डाक्यूमेंट पोर्टल पर अपलोड

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

पंजीयन विभाग के पोर्टल पर अब सालों पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए शासन स्तर पर सभी जिलों के पंजीयन विभाग में वर्ष 2017 से लेकर घटते क्रम में 30 वर्ष पहले तक हुई रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग कराकर उसकी पीडीएफ फाइल बनाकर पोर्टल में अपलोड कराया जा रहा है, ताकि रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट सुरक्षित रखे जा सकें। हरिभूमि ने डाक्यूमेंट को किस तरह से स्कैनिंग कर पीडीएफ फाइल बनाई जा रही है और इसमें कितना समय लग रहा है, इसे जानने के लिए इसकी लाइव रिपोर्टिंग की। एक रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग करने में लगभग 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है, वहीं स्कैनिंग के बाद पीडीएफ फाइल बनाने में भी करीब 10 मिनट का समय लग रहा है। इस तरह एक रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को स्कैनिंग व पीडीएफ बनाने में लगभग आधे घंटे का समय लग रहा है।

पंजीयन विभाग के सभी कार्य को धीरे-धीरे ऑनलाइन किए जा रहा है। पहले ई-स्टाम्प को ऑनलाइन किया गया। इसके बाद प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री ऑनलाइन पद्धति से हो रही है। ऑनलाइन होने के बाद से रजिस्ट्री कराने के लिए अपॉइंटमेंट लेने के लिए भी आवेदक को प्रॉपर्टी के सारे डाक्यूमेंट सहित अपनी व गवाहों की आईडी को स्कैनिंग कर अपलोड करना पड़ रहा है। इसके बाद ही आवेदक का आवेदन स्वीकार कर उसे रजिस्ट्री की तारीख और समय दिया जा रहा है। ऑनलाइन के इस दौर में अब सालों पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट को सुरक्षित रखने के लिए भी उसे ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए वर्ष 2017 से घटते क्रम में पिछले 30 वर्षों के रजिस्ट्री हुई डाक्यूमेंट के रिकार्ड को पंजीयन विभाग के पोर्टल में ऑनलाइन किया जा रहा है। इस योजना का यह पहला चरण है, जिसमें 30 वर्षों के रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है।

**वर्ष 2018 से ऑनलाइन रजिस्ट्री हो रही है, इसलिए इससे पहले के रिकार्ड किए जा रहे ऑनलाइन**

पंजीयन विभाग में ऑनलाइन रजिस्ट्री वर्ष 2018 से शुरू किया गया है। हालांकि पहले आवेदक को रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन अपॉइटमेंट लेना पड़ता था, लेकिन डाक्यूमेंट स्केनिंग का काम पंजीयन विभाग के दफ्तर में ही किया जाता है। इसके कारण रजिस्ट्री में भी काफी समय लगता था, लेकिन अप्रैल 2024 से अब आवेदक को ऑनलाइन आवेदन के साथ सारे डाक्यूमेंट स्केनिंग कर अपलोड करना पड़ रहा है, जिसके बाद अब दफ्तर में कुछ मिनटों में ही रजिस्ट्री हो जा रही है।

### कैमरे की तरह क्लिक करते हो जाता है स्केन

डाक्यूमेंट को स्केन करने के लिए जिला पंचायत उप संचालक कार्यालय में डिजिटल कम्प्यूटराईज स्कैनिंग मशीन लगाई गई है। इस स्कैनिंग मशीन के नीचे डाक्यूमेंट को रखा जाता है और माउस से क्लिक करते हुए डाक्यूमेंट स्कैन होकर कम्प्यूटर पर दिखाई देता है। इस तरह एक रजिस्ट्री के सभी डाक्यूमेंट को स्कैनिंग कर उसे पहले कम्प्यूटर में सेवा किया जाता है, उसके बाद उसकी पीडीएफ फाइल बनाई जाती है। पीडीएफ फाइल बनाने के बाद डाटा को पोर्टल में ऑनलाइन अपलोड करने के लिए उसे विभाग को भेज दिया जाता है।

### नोएडा की कंपनी को मिला ठेका

स्कैनिंग कर पीडीएफ बनाने के लिए नोएडा की कंपनी को इसका ठेका मिला हुआ है। रायपुर में स्कैनिंग-पीडीएफ फाइल बनाने के इंचार्ज मनीष कुमार लाठिया ने बताया कि अभी स्केनिंग के लिए 3 कम्प्यूटराइज डिजिटल स्केनिंग सिस्टम लगाए गए हैं। इस सिस्टम में एक ट्रेनिंग प्राप्त एवं दो ट्रेनिंग ले रही युवतियां काम कर रही है। उन्होंने बताया कि दो कम्प्यूटर स्केनिंग सिस्टम कुछ दिनों में और लगाए जाएंगे। इसके बाद स्कैनिंग और पीडीएफ बनाने के काम में और तेजी आएगी।

### वर्ष 1997 तक का डाटा हो चुके स्कैनिंग

सूत्रों के अनुसार स्कैनिंग का काम पिछले दो-तीन साल से चल रहा है। इससे पहले इसका ठेका दूसरी कंपनी को मिला था। जिस कंपनी को इसका ठेका मिला था उसके द्वारा स्केनिंग की क्वालिटी सहीं नहीं थी, जिसके कारण उसका फंड को शासन स्तर पर रोक दिया गया था और बाद में ठेका निरस्त कर दिया। इसके कारण मार्च 2024 से नवंबर 2024 तक स्केनिंग का काम रुका रहा। दिसंबर 2024 से अब नोएडा की कंपनी को ठेका दिया गया है। मनीष लाठिया ने बताया कि उनकी कंपनी को रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर सहित अन्य जिलों में भी स्कैनिंग का काम मिला है। रायगढ़ जिले में स्कैनिंग का काम पूर्ण भी हो चुका है। रायपुर जिले में भी वर्ष 2017 से घटते क्रम में अब तक वर्ष 1997 तक के रिकार्ड स्कैनिंग हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि रायपुर जिले में वर्ष 1950 से पहले की रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट भी पंजीयन विभाग दफ्तर के रिकार्ड रूम में रखे हुए हैं। पुराने होने के कारण सालों पुराने कई रिकार्ड के कागज गल-फट गए हैं। समय के साथ रिकार्ड और खराब होते जा रहे हैं। ऐसे में इन रिकार्ड को भविष्य में ज्यादा समय तक सुरक्षित रखा जाना संभव नहीं है, साथ ही आग लगने या अन्य किसी कारण से भी रिकार्डों के नष्ट होने की आशंका बनी रहती है। पोर्टल में रिकार्डों के ऑनलाइन होने के बाद इसके नष्ट होने का डर भी हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा।

### तेजी से किए जा रहे रिकार्ड ऑनलाइन

पंजीयन विभाग के रिकार्ड रूम में रखे रजिस्ट्री के दस्तावेजों को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके लिए दस्तावेजों को स्केनिंग करने के बाद पीडीएफ बनाकर पोर्टल में अपलोड किए जा रहे हैं। इससे सालों पुराने रिकार्ड सुरक्षित रहेंगे। अब तक वर्ष 2017 से घटते क्रम में 1997 तक के रिकार्ड ऑनलाइन किए जा चुके हैं।

- **विनोज कोचे**, पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर

---

## एयरपोर्ट रात दस बजे हो जाता है बंद, लेकिन बार 24 घंटे चालू रखने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रोज रात दस बजे बंद हो जाता है, लेकिन यहां अब दिन रात 24 घंटे शराबखाना (बार) चालू रखने की तैयारी है। दरअसल आबकारी विभाग ने रायपुर एयरपोर्ट पर शराब की उपलब्धता बनाए रखने के लिए विमानपत्तन बार लाइसेंस देने की तैयारी की है। हालांकि अभी लाइसेंस किसी को नहीं मिला है, लेकिन 2024-25 की शेष अवधि के लिए नवीन अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ के किसी भी एयरपोर्ट पर अब तक शराब बेचने, पीने पिलाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। आबकारी प्रशासन से जुड़े अधिकारियों की मानें तो जिस तरह देश के दूसरे बड़े शहरों के एयरपोर्ट पर शराब की बिक्री की जाती है, उसी तरह यहां भी शराब बेचने के लिए लाइसेंस जारी किए जाने हैं। खास बात ये है कि देश के बड़े शहरों में 24 घंटे फ्लाइट की आवाजाही रहती है, इसलिए वहां दिन रात शराब बेची जाती है, लेकिन रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रात 10 बजे तक ही फ्लाइट होती है। इसके बाद एयरपोर्ट बंद हो जाता है, पर यहां भी सप्ताह के सात दिन 24 घंटे शराब बेचने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा।

**पहली बार एयरपोर्ट के लिए जारी होगा लाइसेंस, खाने के साथ पीने का भी होगा इंतजाम**

रायपुर एयरपोर्ट पर एफएल 3 घ विमानपत्तन रेस्टोरेंय बार अनुज्ञप्ति एयरपोर्ट के अंदर स्थित ऐसे रेस्टोरेंट को दी जाएगी जिसके पास रेस्टोरेंट एवं बार संचालन के लिए एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया का अनापत्ति प्रमाणपत्र हो। यह रेस्टोरेंट भी ऐसी जगह होना चाहिए जहां एयरपोर्ट परिसर के भवन के अंदर स्थित रेस्टोरेंट में आगंतुकों, ग्राहकों को भोजन या हल्के भोजन के साथ परिसर में ही पीने के लिए शराब बेची जा सकेगी।

## विभागीय बजट का आकार तय करने 6 मंत्रियों के साथ वित्तमंत्री ने किया मंथन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य बजट प्रस्तावों एवं नवीन मद प्रस्तावों पर वित्तमंत्री के साथ बुधवार को छह मंत्रियों के विभागों पर चर्चा की गई। वित्तमंत्री ओपी चौधरी की मौजूदगी में मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ उनके विभाग के बजट और नवीन प्रस्तावों पर चर्चा की गई। वित्तमंत्री ने चर्चा के बाद बजट प्रस्तावों के आधार पर विभागीय बजट का आकार तय किया।

---

## स्टेशन में नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर लग रहा लॉक, नेता और अफसर के भी हो चुके हैं चालान

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को अपनी गाड़ी व्यवस्थित तरीके से खड़ी करनी होगी। स्टेशन के नो-पार्किंग क्षेत्र में गाड़ी खड़ी करने पर अब रेलवे मजिस्ट्रेट और आरपीएफ द्वारा अभियान चलाकर गाड़ियों पर लॉक लगाए जा रहे हैं। चाहे वह आम यात्री हो या फिर किसी नेता या अफसर की गाड़ी। रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रैफिक की समस्या को सुलझाने और अव्यवस्थित रूप से खड़ी गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत यह कदम उठाया गया है। इस फैसले गाड़ियों के चक्कों पर लॉक लगाकर सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्टेशन परिसर में करीब आधा दर्जन नो-पार्किंग क्षेत्र हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी कार खड़ी कर चले जाते हैं, जिससे स्टेशन परिसर में आम यात्रियों का आवागमन प्रभावित होता है। रेलवे स्टेशन परिसर के नो-पार्किंग क्षेत्र रोजाना दर्जन से अधिक गाड़ियां खड़ी हो रही हैं, जिसमें नेताओं और अधिकारियों की गाड़ियां भी शामिल हैं। लॉक लगने पर उन्हें भी पैसे देने चालान पटाना पड़ रहा हैरेलवे स्टेशन परिसर में नो-पार्किंग का स्पष्ट बोर्ड लगाया गया है, फिर भी लोग नियमों की अनदेखी करते हुए गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। इस पर आरपीएफ का कहना है कि स्टेशन में आने वाले सभी यात्रियों को अपनी गाड़ी व्यवस्थित स्थानों पर खड़ी करनी चाहिए। आरपीएफ ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति नो-पार्किंग में दो मिनट के लिए गाड़ी खड़ी करता है और वहां से चला जाता है, तो उस पर कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही, स्टेशन परिसर में यात्रीगण को आसानी से आवागमन की सुविधा देने के लिए यह कदम उठाया गया है।

- रेलवे मजिस्ट्रेट और आरपीएफ द्वारा अभियान चलाकर नो-पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर कर रहे कार्रवाई

## लाखों मतदाता मताधिकार से वंचित लोकतांत्रिक अधिकार का हनन

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन के कारण लाखों मतदाताओं के प्रभावित होने और मताधिकारों से वंचित होने पर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, चुनाव आयोग द्वारा परिसीमन का प्रचार प्रसार नहीं करने, मतदाता पर्ची वितरण नहीं करने, मतदाता सूचियों में त्रुटियां, सैकड़ों मतदाताओं के मतदान केंद्र, वार्ड बदलने के साथ ही कईयों के वोटिंग लिस्ट से नाम गायब थे। चुनाव आयोग के इस कुप्रबंधन के कारण लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो गए हैं, जो सीधे सीधे उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, जो लोकतंत्र की आधारशिला को कमजोर करता है।

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धिपत्र सूचना क्र. 2
दिनांक 12.02.2025
क्र.-1, मद-IREPS की वेबसाइट पर NIT: JBP-ELP-OHE-T-2025-01 दिनांक 14.01.2025 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय-17.02.2025 upto 15:00 hrs. IREPS पर संशोधित दिनांक-27.02.2025 upto 15:00 hrs. शेष वस्तुएं यथावत् एवं अपरिवर्तित रहेंगी।
AEE/P/JBP
for Dy. CEE/P/JBP
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

GRAND OPENING VISIT
An Exhibition on Mining and Construction Equipment
2ND EDITION CMS CHHATTISGARH MINING & CONSTRUCTION SHOW 2025
14 15 16 FEBRUARY 2025
Timing 12Pm to 8.30Pm
FREE ENTRY & PARKING
www.chhattisgarhminingshow.com
Shriram Business Park, Vidhan Sabha Road, Raipur, Chhattisgarh
Organizer: OLAMPIA EXHIBITION PVT.LTD. | Supported By | Gold Sponsor: MAK LUBRICANTS | Silver Sponsor: SECL | Registration Sponsor: cmpdi | Sponsor: CCL

**बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI**
बैंक ऑफ इंडिया अंबिकापुर शाखा:-एम.जी. रोड, सत्यवती गोयल का घर, सामने श्यामलाल सिंघल, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छत्तीसगढ़, पिन-497001
ई-मेल:Ambikapur.raipur@bankofindia.co.in

प्रति,
**मेसर्स-पूनम बैग हाउस, मालिक: श्री रामगती प्रसाद गुप्ता पिता श्री रामपति गुप्ता,** देवीगंज रोड, पंचशील स्वीट्स के पास, अंबिकापुर, जिला सरगुजा -497001.
**पता: श्री रामगती प्रसाद गुप्ता पिता श्री रामपति गुप्ता,** नमनकला, मंगल पांडे वार्ड, वार्ड नंबर 10, अंबिकापुर, जिला-सरगुजा, छ.ग. 497001.
**जमानतदार:-श्रीमती गायत्री देवी पति श्री रामगती प्रसाद गुप्ता,** नमनकला, मंगल पांडे वार्ड, वार्ड क्रमांक 10, अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. 497001.
**श्री विक्रांत कश्यप पिता श्री शिव शंकर कश्यप,** रूप देव मार्केट के पास, देवीगंज रोड, अंबिकापुर, जिला सरगुजा -497001.

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन की धारा 13(2) के तहत नोटिस सुरक्षा हित अधिनियम 2002**

1. आपके द्वारा किए गए अनुरोध पर बैंक ने **आपको 5,00,000/- (केवल पांच लाख रुपये)** की राशि के लिए विभिन्न क्रेडिट सुविधाएं प्रदान की हैं। हम यहां हमारे द्वारा दी गई विभिन्न क्रेडिट सुविधाओं और बकाया का विवरण दे रहे हैं। इस नोटिस की तिथि पर इसके अंतर्गत बकाया:-

1b. आप जानते हैं कि बैंक ने **मेसर्स पूनम बैग हाउस, मालिक: श्री रामगती प्रसाद गुप्ता पिता श्री रामपति** को **रु. 5,00,000/- (केवल पांच लाख रुपये)** की विभिन्न ऋण सुविधाएं प्रदान की हैं। गुप्ता (मुख्य देनदार), जिसके लिए आप गारंटर के रूप में खड़े हुए थे और दिनांक **12/11/2012** को गारंटी पत्र निष्पादित किया था, जिसमें उक्त राशि और सभी के उचित पुनर्भुगतान की गारंटी दी गई थी। मूल देनदार द्वारा देय ब्याज, लागत, शुल्क और खर्च। इस नोटिस की तिथि तक बैंक द्वारा दी गई विभिन्न ऋण सुविधाओं और उनके तहत बकाया राशि का विवरण इस प्रकार है:-

| Nature of Facility | Sanctioned Limit Rs. | Outstanding dues as on 22.03.2024 |
|---|---|---|
| Cash Credit | Rs 5,00,000/- | ₹ 5,05,084.85/-+ Rs 66,966.68/-(Interest) = Rs 5,72,051.53/-+ Other Expenses |

2. बैंक द्वारा दी गई उपरोक्त ऋण सुविधाएं निम्नलिखित परिसंपत्तियों/प्रतिभूतियों (बैंक को दी गई संपत्तियों/संपत्तियों का विवरण) द्वारा सुरक्षित हैं:-

2b. आप जानते हैं कि आपने उक्त मूल ऋणी को हमारे द्वारा दी गई विभिन्न सीमाओं के पुनर्भुगतान के लिए उक्त गारंटी पत्र के तहत दायित्व लिया है और आपने निम्नलिखित प्रतिभूतियों पर बैंक के पक्ष में शुल्क बनाकर उक्त सीमाओं का पुनर्भुगतान सुरक्षित कर लिया है। / आपकी संपत्तियों पर:-

2c. चूंकि मुख्य देनदार ने अपनी देनदारियों के पुनर्भुगतान में चूक की है, इसलिए हमने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों या दिशानिर्देशों के अनुसार 21-03-2023 को उसके बकाए को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया है।

3. जैसा कि ऊपर कहा गया है, मुख्य देनदार द्वारा किए गए डिफ़ॉल्ट को देखते हुए, गारंटर के रूप में आप उक्त ऋण के लिए संयुक्त रूप से और अलग-अलग उत्तरदायी हो गए।

3b. चूंकि आपने उक्त क्रेडिट सुविधाओं के तहत बैंक को अपने बकाए के पुनर्भुगतान में चूक की है, इसलिए हमने आपके खाते को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुसार 21/03/2023 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया है।

3c. **छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि के सभी टुकड़े और भवन, शेड और संरचनाओं का साम्यिक बंधनखसरा नंबर-602/5, प.ह.नंबर-11, मोहल्ला नमनकला, आर.एन.एम. तहसील अंबिकापुर,जिला-सरगुजा, , श्री रामगति से संबंधित** 0.012 **हेक्टेयर। प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व. श्री रामपति गुप्ता एवं श्रीमती गायत्री देवी पत्नी। श्री रामगती प्रसाद गुप्ता विक्रय पत्र दिनांक** 02.02.2000 **के अनुसार निम्नलिखित सीमाओं के साथ पुस्तक संख्या विज्ञापन-**1, **खंड संख्या** 4040, **पृष्ठ संख्या** 28-30, **पंजीकरण संख्या 3866, सीमाएं:-उत्तर-विक्रेता की भूमि, पूर्व-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-चौधरी की भूमि, पश्चिम-सड़क।**

4. ऊपर बताए गए कारणों के लिए, हम आपको उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस देते हैं और आपसे बैंक को रुपये **5,72,051.53 (पांच लाख बहत्तर हजार इक्यावन एवं तिरपन पैसे)** का भुगतान करके अपनी देनदारियों का पूरा भुगतान करने के लिए कहते हैं। (नोटिस की तिथि तक संविदात्मक बकाया) और उस पर **9.35%** प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज, मासिक विश्राम के साथ, और सब कुछ इस नोटिस की तारीख से **60** दिनों की अवधि के भीतर आपके द्वारा पुनर्भुगतान तक बैंक द्वारा किए गए लागत, शुल्क और व्यय, ऐसा न होने पर कृपया ध्यान दें कि लागत और परिणामों के संबंध में हम पूरी तरह से आपके जोखिम पर होंगे और बैंक में निहित शक्तियों का प्रयोग करेंगे। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 के तहत, ऊपर उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ

5. जबकि हम आपसे ऊपर उल्लिखित अवधि के भीतर, बैंक को लागू ब्याज, सभी लागतों, शुल्कों और पुनर्भुगतान तक किए गए खर्चों के साथ बैंक को संपूर्ण देय राशि का भुगतान करके और सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाकर अपनी देनदारी का निर्वहन करने का आह्वान करते हैं, कृपया महत्वपूर्ण बात यह है कि सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के अनुसार, सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने का अधिकार आपको सार्वजनिक नीलामी के लिए नोटिस के प्रकाशन या सार्वजनिक या निजी संधि से कोटेशन या निविदा आमंत्रित करने की तारीख तक ही उपलब्ध होगा। रास्ते से स्थानांतरण सुरक्षित परिसंपत्तियों के पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री की

6. ऊपर उल्लिखित शक्तियों का प्रयोग करने से प्राप्त राशि, सबसे पहले हमारे द्वारा किए गए सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों और/या उससे जुड़े किसी भी आकस्मिक खर्च के भुगतान में लागू की जाएगी, और दूसरी बात, अनुबंध के साथ ऊपर उल्लिखित बैंक के बकाया के निर्वहन में लागू की जाएगी। इस नोटिस की तारीख से वास्तविक वसूली की तारीख तक ब्याज और बैंक का पूरा बकाया पूरी तरह से वसूल होने के बाद शेष धनराशि, यदि कोई हो, का भुगतान आपको किया जाएगा।

7. यदि सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ उक्त शक्तियों के प्रयोग के दौरान प्राप्त आय के साथ उक्त बकाया पूरी तरह से वसूल नहीं किया जाता है, तो हम सभी बकाया राशि की वसूली के लिए ऋण वसूली न्यायाधिकरण/न्यायालयों के समक्ष आपके खिलाफ आगे बढ़ने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। आपसे संबंधित लागत आदि।

8. कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त अधिनियम की उपधारा (13) के अनुसार, इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, आपको इस नोटिस में निर्दिष्ट किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्यथा स्थानांतरित करने से रोका जाता है।

9. अधोहस्ताक्षरी इस नोटिस को जारी करने और उपरोक्त धारा 13 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने के लिए बैंक का विधिवत अधिकृत अधिकारी है

10. यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि यह नोटिस बैंक के पास उपलब्ध किसी भी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आपको संबोधित है।

स्थान: अम्बिकापुर, दिनांक : **14.02.2024** — अधिकृत अधिकारी

---

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/112/2024 — 12.02.2025

PUNJAB NATIONAL BANK
Versus
MK SAMUNDRA SAMUNDRA

To,
**(CD 1) MK SAMUNDRA SAMUNDRA**
GHASITARAM SAMUDRA QTR NO 532/1, RTS COLONY, ROAD NO 57, BILASPUR (C.G) Bilaspur,-495001
**(CD 2) UMA BAI**
QTR NO 532.1, RTS COLONY, ROAD NO 57, BILASPUR (C.G.) 495001
**(CD 3) KAUSHAL SINGH,**
OPP AGRAWAKA BHAWAN EMLIPARA, BUS STAND, BILASPUR (C.G.) Bilaspur, CHHATTISGARH - 495001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/605/2022** an amount of Rs 3170720 (Rupees Thirty One Lakhs Seventy Thousands Seven Hundred Twenty Only) along with pendentellite and future interest **@ 9.95 %** Simple Interest Yearly w.e.f. 07/05/2022 till realization and costs of **Rs. 34000 (Rupees Thirty Four Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).

**2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

**3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

**4.** You are hereby ordered to appear before the undersigned on **28/04/2025** at 10:30 a.m. for further proceedings.

**5.** In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

**(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.

**(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **12/02/2025**

SEAL — Recovery Officer-II
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

## खबर संक्षेप

### भेल को मिला रघुनाथपुर संयंत्र के बॉयलर का ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भेल को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में 2x660 मेगावाट रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन के दूसरे चरण में स्टीम जनरेटर आइलैंड पैकेज स्थापित करने का ठेका मिला है। यह ठेका दामोदर वैली कॉरपोरेशन ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के जरिये मिला है।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने बनाए डीलर साझेदार




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाल में लांच अपने लक्जरी ब्रांडों के बिक्री मंच एमजी सिलेक्ट के लिए देश भर में 12 डीलर साझेदार नियुक्त किए हैं। डीलरों की नियुक्ति कई स्थानों पर की गई हैं जिसमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और चंडीगढ़ आदि शामिल हैं। कंपनी बिक्री मंच से साइबरस्टर और एमजी एम9 मॉडलों की बिक्री करेगी।

### जुबिलेंट फूडवर्क्स का शुद्ध मुनाफा 43.24 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 43.24 करोड़ रुपये रहा। डंकिन जैसे ब्रांड के लिए फ्रेंचाइजी अधिकार रखने वाली जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 65.71 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

# अब कोई नहीं उठा पाएगा एनआरआई स्टेटस का गलत फायदा, भरना होगा टैक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को न्यू इनकम टैक्स बिल को संसद में पेश कर दिया। इसमें टैक्स रेजिडेंसी के मानदंडों को पुनः परिभाषित किया गया है, जिसका अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। खासकर, उन लोगों पर जो भारत में 15 लाख रुपए या उससे अधिक कमाते हैं और टैक्स नहीं भरते हैं।

■ अब 15 लाख से अधिक कमाने वाले को भारत का नागरिक माना जाएगा

इस नए नियम के तहत 15 लाख से अधिक कमाने वाले व्यक्तियों को भारत का नागरिक माना जाएगा और उन्हें भारत में कमाए गए अपने इनकम पर टैक्स देना होगा। इस नए कदम को उठाए जाने का मकसद एनआरआई स्टेटस के दुरुपयोग और टैक्स चोरी को रोकना है।

## नए इनकम टैक्स बिल में टैक्स रेजिडेंसी के मानदंड पुनः परिभाषित

### इन पर नहीं लागू होगा 60 दिन वाला नियम

हालांकि, अगर कोई व्यक्ति किसी इंडियन एयरलाइन या शिप के क्रू मेंबर के तौर पर भारत छोड़ता है या बाहर नौकरी के लिए जाता है, तो उसे 60 दिन के नियम के दायरे में नहीं लाया जाएगा। इसी तरह, भारत आने वाले एनआरआई को भी इस शर्त पर छूट मिलेगी। अगर भारत आने वाला कोई व्यक्ति 15 लाख रुपए (विदेशी स्रोत से होने वाली आय को छोड़कर) से अधिक कमाता है, तो 60 दिन के नियम को बढ़ाकर 120 दिन कर दिया जाएगा।




### भारत का टैक्स सिस्टम इस बात पर देता जोर

भारत का टैक्स सिस्टम नागरिकता के बजाय देश में किसी व्यक्ति की उपस्थिति पर आधारित है। मौजूदा समय में एनआरआई पर टैक्स केवल भारत में उनके कमाए गए आय पर लगाया जाता है, जबकि देश के बाहर किया गया उनका इनकम टैक्स फ्री रहता है। पिछले कुछ सालों में देखा गया कि कई लोग टैक्स से बचने के लिए एनआरआई स्टेटस का लाभ उठा रहे हैं, जबकि कमाई भारत में रहकर कर रहे हैं। नया नियम टैक्स में चोरी को रोकने के साथ ही साथ निष्पक्ष कराधान को भी सुनिश्चित करेगा।

### अब एनआरआई स्टेटस का नहीं उठा पाएंगे फायदा

इस बिल के तहत माना गया है कि अगर कोई व्यक्ति एक टैक्स ईयर में कम से कम 182 दिन भारत में बिताता है या 60 दिन या उससे अधिक समय भारत में बिताता है या चार वर्षों में भारत में कुल 365 दिन या उससे अधिक समय बिताया है, तो उसे यहां का नागरिक माना जाएगा और इनकम पर टैक्स देना होगा।

## वैश्विक भर्ती परामर्श कंपनी ने जारी की रिपोर्ट

# उभरते कौशल, नेतृत्व भूमिकाओं के लिए 30-40 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि संभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय उद्योग जगत में इस साल छह प्रतिशत से लेकर 15 प्रतिशत तक की सीमा में वार्षिक वेतन वृद्धि होने का अनुमान है। वेतन वृद्धि का अनुपात उद्योग, भूमिका के महत्व और विशिष्ट कौशल पर निर्भर करेगा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

वैश्विक भर्ती परामर्श कंपनी माइकल पेज की तरफ से जारी '2025 सैलरी गाइड' के मुताबिक, उभरते कौशल और महत्वपूर्ण नेतृत्व भूमिकाओं के लिए वेतन वृद्धि का आंकड़ा 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।फर्म ने कहा कि भारत के नौकरी बाजार ने हाल के महीनों में मजबूती दिखाई है, जिससे 2024 की शुरुआत की तुलना में विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों में वृद्धि हुई है।

### पदोन्नति के मामले में वेतनवृद्धि 20 से 30 फीसदी के बीच

इसने कहा, "भारत में वार्षिक वेतन वृद्धि आम तौर पर छह से 15 प्रतिशत के बीच होती है जबकि पदोन्नति के मामले में वेतन वृद्धि आम तौर पर 20-30 प्रतिशत के बीच होती है। हालांकि, महत्वपूर्ण नेतृत्व और उभरते कौशल भूमिकाओं में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाती है।"

- इस साल छह से लेकर 15 फीसदी तक वेतन वृद्धि का अनुमान
- नेतृत्व भूमिकाओं के लिए वेतन वृद्धि 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है
- भारत के नौकरी बाजार ने हाल के महीनों में वृद्धि दिखाई



### एक दर्जन कोषों ने भारत में परिचालन बढ़ाया

*इसमें कहा गया है कि एक दर्जन से अधिक नए वैश्विक निजी इक्विटी, सॉवरेन, उद्यम पूंजी, रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा कोष ने भारत में अपने परिचालन का विस्तार किया है, जो वैश्विक निवेश परिदृश्य में देश के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।*

### औसत वृद्धि नौ फीसदी के आसपास होगी

*पेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष के लिए वेतन वृद्धि अनुमान छह से 15 प्रतिशत है तथा औसत वृद्धि नौ प्रतिशत के आसपास होगी, जो पिछले वर्ष के आंकड़े के समान है। हालांकि उद्योग और कौशल के आधार पर यह असमानता बहुत अधिक है।*

### भर्तियां उपभोक्ता मांग बढ़ने से बढ़ी

नौकरियों की जानकारी देने वाले मंच फाउंडइट के इनसाइट्स ट्रैकर के मुताबिक, जनवरी में भर्तियों में वृद्धि का श्रेय बढ़ती उपभोक्ता मांग, केंद्रीय बजट 2025-26 में उल्लिखित रणनीतिक प्रोत्साहन और स्थिरता पहलों पर बढ़ते ध्यान को दिया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी, 2025 में भर्ती में 32 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई है, जो बाजार में नए सिरे से विश्वास का संकेत है।

### नवीकरणीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा नौकरियां

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में नवीकरणीय क्षेत्र में नौकरियां सबसे ज्यादा रहीं। इनमें पिछले दो वर्षों की तुलना में 41 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसका कारण स्वच्छ ऊर्जा पहलों का विस्तार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्र वैश्विक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों से प्रेरित होकर इस वृद्धि में सबसे आगे हैं।



### कार्यालय वाली नौकरियों में भर्ती बढ़ी

जनवरी में कार्यालय वाली नौकरियों के लिए भर्ती में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जिसमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन और विनिर्माण जैसे उद्योगों का मुख्य योगदान रहा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

## नीता अंबानी हार्वर्ड विवि के सम्मेलन की होंगी मुख्य वक्ता



**मुंबई।** रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती नीता अंबानी, भारतीय व्यापार, नीति और संस्कृति पर हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वार्षिक भारत सम्मेलन में मुख्य भाषण सत्र देंगी, जिसमें वह प्रसिद्ध अकादमिक और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व डीन नितिन नोहरिया के साथ भारत की कला और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगी और कैसे वे आधुनिक दुनिया में भारत को स्थापित करने में एक मजबूत भूमिका निभा सकते हैं।

यह सम्मेलन 15-16 फरवरी को अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा और इसमें 1000 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। उनकी चर्चा इस वर्ष के सम्मेलन विषय में मुख्य योगदान होगी: भारत से विश्व तक - जिसका उद्देश्य एक वैश्विक योगदानकर्ता के रूप में भारत की यात्रा का जश्न मनाना और यह पता लगाना है कि कैसे भारतीय नवाचार, विचार दुनिया भर में साझा शांति और समृद्धि के लिए मार्ग तैयार कर रही हैं। श्रीमती अंबानी दुनिया में भारत की सबसे प्रभावशाली महिला उद्यमी में से एक बनकर उभरी हैं, जिन्होंने भारत की विनम्र शक्ति को प्रदर्शित करने और कला, शिल्प, संस्कृति, खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भारत के सर्वश्रेष्ठ को दुनिया के सामने और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ को भारत के सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने एक ऐसे भारत को प्रस्तुत करने में मदद की है जो न केवल अपनी आधुनिकता और विकास के कारण, बल्कि 'वसुधैव कुटुंबकम' - दुनिया एक बड़ा परिवार है - के केंद्रीय संदेश के साथ गहरे मूल्यों और परंपराओं से जुड़ा हुआ है, जो दुनिया के लिए प्रासंगिक है। भारतीय व्यापार, नीति और संस्कृति पर यह वार्षिक वैश्विक सम्मेलन एक छात्र-संचालित मंच है जो भारत की समृद्ध विविधता की खोज करता है, एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में देश के उदय पर प्रकाश डालता है। 22 वर्षों से अधिक समय से, हार्वर्ड के स्कूलों के छात्र व्यवसाय, अर्थशास्त्र, शिक्षा और संस्कृति जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों की मेजबानी करने के लिए एकजुट हुए हैं, जो उपस्थित लोगों को भारत के वर्तमान परिदृश्य और भविष्य की संभावनाओं पर एक सर्वांगीण दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

## ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था ने सामान्य वृद्धि दर्ज की

**लंदन।** दिसंबर में अनुमान से बेहतर प्रदर्शन के बाद ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था ने वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में 0.1 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज की। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिसंबर महीने में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान क्रिसमस से पहले पबों का प्रदर्शन विशेष रूप से अच्छा रहा। इसके साथ ही कैलेंडर वर्ष 2024 में ब्रिटिश अर्थव्यवस्था ने कुल मिलाकर 0.9 प्रतिशत की वृद्धि की। पिछले हफ्ते, बैंक ऑफ इंग्लैंड ने वर्ष 2025 के लिए ब्रिटिश अर्थव्यवस्था के वृद्धि पूर्वानुमान को आधा घटाकर 0.75 प्रतिशत और अपनी मुख्य ब्याज दर को घटाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया था। गौरतलब है कि ब्रिटेन की लेबर पार्टी सरकार ने आर्थिक वृद्धि को अपना प्रमुख एजेंडा बनाया हुआ है। ऐसे में अगर वृद्धि दर घटती है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## एलन बिलासपुर से तीन छात्रों ने 98 परसेन्टाइल से ज्यादा स्कोर किए




**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जारी कर दिया है। परिणामों में एलन कैरियर इंस्टीट्यूट बिलासपुर के स्टूडेन्ट्स ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। एलन बिलासपुर के सेंटर हेड शुभम नंदवाना ने बताया कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एलन बिलासपुर से तीन स्टूडेंट्स ने 98 परसेन्टाइल से ज्यादा स्कोर किया है जिसमें कोमल मांगतानी ने 99.65, धीरज चौहान ने 98.94 और रजत साहू ने 98.20 परसेन्टाइल हासिल की है, वहीं महक अग्रवाल ने 97.89, अरिहंत दीक्षित ने 96.35 एवं गुरवीर सिंह खनूजा ने 95.07 परसेन्टाइल अंक प्राप्त किए। इस मौके पर एलन बिलासपुर में सेलिब्रेशन हुआ। केक काटा गया एवं सफल विद्यार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

नेशनल रिजल्ट्स में एनटीए की ओर से 14 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोरर घोषित किया गया, इसमें से 5 स्टूडेंट्स एलन कैरियर इंस्टीट्यूट से है। एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ 44 स्टेट टॉपर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें 13 एलन से हैं। इसमें अरनव सिंह, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, ओमप्रकाश राजस्थान, शौर्य अग्रवाल, छत्तीसगढ़, अभिमन्यु टिबरेवाल, झारखंड, पाणिनी बिहार, नवनीत प्रियदर्शी ओडिशा, धैर्य शर्मा हिमाचल प्रदेश, कृष्णा चक्रवर्ती आसाम, ई.कुमारन पुडुच्चेरी, हर्ष झा दिल्ली और निशिता मेघालय से स्टेट टॉपर हैं।

## रेज़ोनेंस के 147 विद्यार्थियों के 99 परसेंटाइल से अधिक मार्क्स



**कोटा।** रेज़ोनेंस के विद्यार्थियों ने जेईई मैन 2025 सेशन 1 (जनवरी) के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष NTA द्वारा व्यक्तिगत छात्र स्कोर की सुरक्षा के लिए पासवर्ड प्रोटेक्शन लागू किए जाने के कारण, परिणामों को एकत्र करने और सत्यापित करने की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक समय ले रही है।

अब तक के परिणामों के अनुसार रेज़ोनेंस के 16 विद्यार्थियों ने 99.9 परसेंटाइल (एनटीए स्कोर) से अधिक स्कोर प्राप्त किया है। 147 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक, 245 विद्यार्थियों ने 98 परसेंटाइल से अधिक और 449 विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल से अधिक स्कोर प्राप्त किया है। साथ ही संस्थान के 7 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिज़िक्स में 100 परसेंटाइल प्राप्त किये हैं। संस्थान के अर्चिष्मान नंदी, वेदांत श्री गोविन्द, लक्ष्य पारेता, प्रणय माहेश्वरी, तेजस के, लक्ष्य गर्ग, सोमिल गोयल, कृष्णा टाक, हृषिकेश विनय, हर्षित राणा, सुहास एस, सौनक बनर्जी, नगमवार हरितेज, प्रणय काबरा, प्रणव आर एच, संजीव एस ने 99.9 परसेंटाइल से अधिक मार्क्स प्राप्त किये हैं। इस उत्कृष्ट सफलता पर संस्थान के प्रबंध निदेशक आरके वर्मा ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## होंडा, निसान के बीच एकीकरण पर नहीं होगी बातचीत

एजेंसी ▶▶| टोक्यो




जापानी वाहन विनिर्माता कंपनियों होंडा, निसान और मित्सुबिशी ने अपने कारोबार के एकीकरण के लिए जारी बातचीत बंद करने की बृहस्पतिवार को घोषणा कर दी। निसान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मकोतो उचिदा ने कहा कि बातचीत का मकसद संयुक्त 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने से हटकर निसान को होंडा की अनुषंगी कंपनी बनाने पर केंद्रित हो गया था।

■ अब होंडा के बिना ही निसान बदलाव के लक्ष्य से आगे बढ़ेगी

उचिदा ने कहा, "इरादा वैश्विक प्रतिस्पर्धा में जीतने के लिए सभी ताकतों को एक साथ लाने का था, लेकिन इससे निसान की क्षमता प्रदर्शित नहीं होगी। इसलिए मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता था। उचिदा ने कहा कि अब होंडा के बिना ही निसान बदलाव के लक्ष्य से आगे बढ़ेगी।

### होंडा ने शेयर अदला-बदली का दिया था सुझाव

होंडा के मुख्य कार्यकारी तोशीहिरो मिबे ने कहा कि होंडा ने निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शेयर अदला-बदली का सुझाव दिया था। मिबे ने कहा, "मैं वास्तव में इस नतीजे से निराश हूं। मुझे लगा था कि बहुत अच्छी संभावनाएं हैं लेकिन मुझे यह भी पता था कि इसे साकार करने के लिए ऐसे कदम उठाने जरूरी थे जो पीड़ा देंगे।"

### ईवी और स्मार्ट कारों पर मिलकर काम जारी रहेगा

होंडा और निसान ने शुरू में कहा था कि वे जून तक एक समझौते को अंतिम रूप देने और अगस्त तक 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, तीनों वाहन कंपनियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे इलेक्ट्रिक वाहनों और स्मार्ट कारों की दिशा में एक साथ काम करना जारी रखेंगी।

**संयुक्त होल्डिंग कंपनी बनाने पर विचार जारी था :** होंडा मोटर कंपनी और निसान मोटर कॉर्पोरेशन ने दिसंबर, 2024 में घोषणा की थी कि वे एक संयुक्त 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने के लिए बातचीत करने जा रहे हैं।

## शब्द पहेली - 5778



**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

### शब्द पहेली- 5777 का हल



## सूडोकु नवताल - 5788

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5787 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# डब्लूपीएल : तीसरा सत्र आज से, अंतरराष्ट्रीय के साथ घरेलू क्रिकेटर लगाएंगे रनों की झड़ी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

महिला प्रीमियर लीग का तीसरा सत्र शुक्रवार से यहां गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मैच के साथ शुरू होगा जिसमें नजरें भारत के उदीयमान क्रिकेटरों पर लगी होंगी।

अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ लीग की असल सफलता घरेलू खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करती है। पहले दो सत्र में श्रेयांका पाटिल और साइका इशाक जैसे खिलाड़ियों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में भी जगह बनाई। डब्लूपीएल के हर सत्र में उदीयमान भारतीय खिलाड़ियों की सूची बढ़ती जा रही है। एलिसा हीली, सोफी मोलिनू और केट क्रॉस चोट के कारण इस सत्र में नहीं खेलेंगी।




### मुंबई और आरसीबी ने पारुनिका और नुजहत को चुना

मुंबई इंडियन्स ने चोटिल ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर के विकल्प के तौर पर महिला प्रीमियर लीग के लिए पारुनिका सिसोदिया को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चोटिल स्पिनर आशा शोभना की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज नुजहत परवीन को अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। भारत के लिए पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली रेलवे की नुजहत 30 लाख रुपये के अपने आधार मूल्य पर आरसीबी से जुड़ेगी। बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका 10 लाख रुपए में मुंबई इंडियन्स की टीम का हिस्सा बनेंगी।



### खिताब जीतने उतरेगी दिल्ली

दो बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स टूर्नामेंट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है और फाइनल हारने का गम दूर करने के इरादे से उतरेगी। उसके पास शेफाली वर्मा, मेग लानिंग, जेमिमा रौड्रिग्स, अनाबेल सदरलैंड और मरियाने काप जैसे खिलाड़ी हैं जबकि गेंदबाजी में शिखा पांडे, अरुंधति रेड्डी, टिटास साधू और जेस जोनासेन जैसे दिग्गज हैं।

### टूर्नामेंट के लिए तैयार

हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'भारतीय कप्तान होने के नाते मैं इस सत्र को लेकर काफी उत्साहित हूं क्योंकि कई घरेलू क्रिकेटरों ने इस टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार किया है। नीलामी से पहले हमने बात की थी कि कई घरेलू क्रिकेटरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और सभी के दिमाग में कुछ नाम थे। हम उम्मीद करते हैं कि वे अच्छा खेलें और भारतीय टीम मजबूत बने।'

### खुद को साबित करने का मौका

खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगी। भारतीय टीम जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करेगी और वनडे विश्व कप भी भारत में होना है। तेज गेंदबाज हरफनमौला केशवी गौतम के पास भी खुद को साबित करने का मौका होगा।

### खिताब बरकरार रखना आसान नहीं

टूर्नामेंट में दो नए स्थान वडोदरा और लखनऊ जोड़े गए हैं और यह अपने और विरोधी के मैदान वाले प्रारूप में खेला जाएगा। गत चैंपियन आरसीबी के लिए खिताब बरकरार रखना आसान नहीं होगा क्योंकि सोफी डेवाइन, मोलिनू और केट क्रॉस जैसे खिलाड़ी इस बार नहीं खेल रहे हैं। स्टार हरफनमौला एलिसे पैरी, श्रेयांका पाटिल और आशा शोभना चोट से उबर रहे हैं। इन झटकों से उबरने की उनकी क्षमता ही साबित करेगी कि वे खिताब जीत पाएंगे या नहीं। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा, 'पिछली बार एकादश का हिस्सा रहे कई खिलाड़ी इस बार चोट के कारण बाहर हैं। सोफी डेवाइन विश्व की सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है लिहाजा उसकी कमी खलेगी।'

## खबर संक्षेप



### अफरीदी और दो अन्य पर लगा भारी जुर्माना

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच के दौरान उग्र व्यवहार के लिए पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम पर जुर्माना लगाने के अलावा उन्हें एक-एक डिमेरिट अंक दिया है। आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने के लिए अफरीदी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शकील और स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक गुलाम पर 29वें ओवर में तेम्बा बावुमा के रन आउट होने के बाद उनके बहुत करीब पहुंचकर जश्न मनाने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी ने फैसला सुनाया कि अफरीदी ने जानबूझकर ब्रीट्जके का रास्ता रोका था और सऊद तथा गुलाम ने बावुमा के आउट होने पर उनके बेहद करीब पहुंचकर जश्न मनाया।

### एवर्टन ने लिवरपूल को बराबरी पर रोका

**लंदन।** कप्तान जेम्स तार्कोवस्की के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत एवर्टन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लिवरपूल को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। तार्कोवस्की ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में बराबरी का गोल दागा। बेटो ने 11वें मिनट में एवर्टन को बढ़त दिलाई लेकिन एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 16वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। मोहम्मद सालाह ने 73वें मिनट में लिवरपूल को बढ़त दिलाई और टीम ने अंतिम लम्हों तक इसे बरकरार रखा। हालांकि जब लग रहा था कि लिवरपूल इस मुकाबले से पूरे तीन अंक हासिल करेगा तब तार्कोवस्की ने गोल दागकर उसे अंक बांटने को मजबूर कर दिया।

### बहुतुले बने राजस्थान के स्पिन गेंदबाजी कोच

**जयपुर।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को आगामी आईपीएल सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया। पूर्व लेग स्पिनर और बाएं हाथ के बल्लेबाज बहुतुले ने दो टेस्ट और आठ वनडे मैच में कुल पांच विकेट लिए। वह हालांकि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। प्रथम श्रेणी मैचों में 52 वर्षीय बहुतुले ने छह हजार से अधिक रन बनाए और 630 विकेट लिए। उन्होंने इसके अलावा लिस्ट ए मुकाबलों में 197 विकेट चटकाए।



### आईएमएल में मैच रैफरी होंगे विश्वनाथ

**मुंबई।** भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर गुंडप्पा विश्वनाथ आईसीसी एलीट पैनल के सेवानिवृत्त अंपायर साइमन टॉफेल और बिली बोडेन के साथ 22 फरवरी से शुरू होने वाली अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स टी20 लीग के पहले सत्र में अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। टॉफेल की अगुआई वाले अंपायरों के पैनल में उमेश दुबे और लिंडन एडवर्ड हैनिबल जैसे अनुभवी अधिकारी भी होंगे जबकि विश्वनाथ मैच रैफरी की भूमिका निभाएंगे।



सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी में किया शानदार प्रदर्शन

# रजत को आरसीबी ने बनाया कप्तान कोहली ने कहा- 'आप इसके हकदार'

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 21 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी सत्र के लिए गुरुवार को रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया। पाटीदार दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें पिछले साल टीम ने अपने साथ बरकरार नहीं रखा था। पाटीदार पिछले साल नवंबर 2024 में आईपीएल की बड़ी नीलामी से पहले आरसीबी द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में शामिल थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी तथा विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की अगुआई करने का अनुभव है।

इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने 2022 में फ्रेंचाइजी के साथ करार किया था। पाटीदार की अगुआई में मध्य प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी जहां वे पिछले साल मुंबई से पांच विकेट से हार गए थे। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने पाटीदार को कप्तान बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'रजत में सादगी है, वह अपने आस-पास के लोगों की परवाह करता है, हमने करीब से देखा है कि उसने मध्य प्रदेश का नेतृत्व कैसे किया है, हमें यह बहुत पसंद आया।'



### कोहली ने दी बधाई

कोहली ने पाटीदार को कप्तान बनाए जाने पर बधाई दी। कोहली ने फ्रेंचाइजी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो बयान में कहा, 'मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके साथ हैं, रजत। जिस तरह से आपने इस फ्रेंचाइजी में प्रगति की है और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने सभी आरसीबी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। आप इसके हकदार हैं।'



### 68 मैच जीते, 70 हारे

कोहली की अगुआई में टीम ने 68 मैच जीते, 70 हारे और चार मैच बेनतीजा रहे। टीम 2016 में कोहली की अगुआई में आईपीएल फाइनल में पहुंची थी। कप्तान ने उस सत्र में 973 रन बनाए थे जो आईपीएल के एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। आईपीएल 2024 में कोहली 154 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। फ्रेंचाइजी ने स्वीकार किया कि कप्तान की भूमिका के लिए कोहली के नाम पर भी चर्चा हुई थी।

### पाटीदार ने बनाए 428 रन

दाएं हाथ के बल्लेबाज पाटीदार सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में अजिंक्य रहाणे के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 10 मैच में 61 की औसत और 186.08 के स्ट्राइक रेट से 428 रन बनाए थे। पाटीदार डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें 2022 से 2024 तक टीम की कप्तानी करने के बाद रिलीज कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीकी के 40 वर्षीय डु प्लेसी आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे।

### विराट ने 143 मैचों में की कप्तानी

गुरुवार की घोषणा से पहले विराट कोहली के फ्रेंचाइजी के कप्तान के रूप में लौटने को लेकर भी अटकलें लगाई जा रहीं थी। कोहली 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान थे और उनका रिकॉर्ड शानदार रहा लेकिन उनकी अगुआई में टीम खिताब नहीं जीत सकी। कोहली ने 143 मुकाबलों में आरसीबी का नेतृत्व किया जो चेन्नई सुपर किंग्स के लिए दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के बाद कप्तान के रूप में दूसरा सबसे लंबा कार्यकाल है।

शतरंज

## हारे गुकेश, केमर ने कार्लसन को हराकर किया उलटफेर



एजेंसी ▶▶| हैम्बर्ग

विश्व चैंपियन डी गुकेश का जीत का इंतजार जारी रहा और उन्हें फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम के पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में हिकारू नाकामूरा के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

गुकेश को सफेद मोहरों से खेलते हुए अच्छी स्थिति में पहुंचने के बावजूद टाईब्रेकर की दूसरी बाजी में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने एक रणनीतिक गलती की और नाकामूरा ने इसका फायदा उठाते हुए पांचवें स्थान के प्ले ऑफ में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से होगी। गुकेश अब सातवें स्थान के प्ले ऑफ में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे।

### अमित पंघाल बने पेशेवर मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारत के एकमात्र पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल पेशेवर बनने वाले देश के नवीनतम मुक्केबाज बन गए हैं। भारत के सबसे सफल पुरुष मुक्केबाजों में शामिल 29 वर्षीय पंघाल ने अमेरिका स्थित प्रतिभा प्रबंधन कंपनी क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के साथ करार किया है। एजेंसी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट को विश्व प्रसिद्ध ओलंपियन मुक्केबाज अमित पंघाल के साथ करार की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।'

38वां राष्ट्रीय खेल

## हरियाणा और कर्नाटक ने जीते हॉकी के स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

हरियाणा ने पिछले सत्र की अपनी हार का बदला चुकता करते हुए गुरुवार को यहां गत चैंपियन मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

मध्य प्रदेश को ऐश्वर्या चव्हाण ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद हरियाणा ने जोरदार वापसी करते हुए महिमा चौधरी (37वें मिनट), इशिका (45वें और 50वें मिनट) और मोनिका (55वें मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज की। कांस्य पदक के मुकाबले में झारखंड ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। गोवा में 2023 में हुए राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश ने शूट आउट में हरियाण को 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष वर्ग में कर्नाटक ने बेहद कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। फराज खान ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाई लेकिन कर्नाटक के सामंत सी ने आठवें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। भरत महालिंगप्पा कुर्ताकोटि (18वें मिनट) और अभारन सुदेश (39वें मिनट) ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर कर्नाटक को 3-1 की बढ़त दिलाई। शारदा नंद तिवारी ने 45वें मिनट में उत्तर प्रदेश की ओर से पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। महाराष्ट्र ने पंजाब को 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता।

### इस बार हमारी ट्रेनिंग बहुत अच्छी: सलीमा



**भुवनेश्वर।** भारत की महिला हॉकी कप्तान सलीमा टेटे को भरोसा है कि उनकी टीम शनिवार से शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में बेहतर प्रदर्शन करेगी और पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन का असर नहीं दिखेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत कलिंगा हॉकी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। टीम पिछले सत्र की यादें मिटाने की कोशिश करेगी जब वह सिर्फ अमेरिका से आगे आठवें स्थान पर रही थी। जर्मनी, स्पेन और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड भी यहां खेलेगी।

## ट्रेनिंग नहीं करने पर इंग्लैंड को लताड़ा

**अहमदाबाद।** पूर्व स्टार बल्लेबाज केविन पीटरसन ने भारत दौरे पर अभ्यास की कमी के लिए इंग्लैंड टीम पर निशाना साधते हुए कहा कि खिलाड़ियों को नेट गेंदबाजों का सामना करना चाहिए था और स्पिन खेलने की अपनी क्षमता पर काम करना चाहिए था। इंग्लैंड के लिए भारत का सीमित ओवरों का दौरा बेहद निराशाजनक रहा जिसमें टीम को टी20 श्रृंखला 1-4 से गंवाने के बाद एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने पुणे और मुंबई में क्रमशः चौथे और पांचवें टी20 मैच से पहले ट्रेनिंग नहीं की। टीम ने कटक और अहमदाबाद में दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैच से पहले भी ट्रेनिंग सत्र आयोजित नहीं किए।



## भारत एशियन बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप में कोरिया से हारा

एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

भारत को बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ग्रुप डी मुकाबले में गुरुवार को यहां दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने पहला गेम 21-11 से जीतकर अच्छी शुरुआती की लेकिन अगले दो गेम 12-21, 15-21 से गंवाते हुए 56 मिनट में मैच हार गए।

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी मालविका बंसोड़ को दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिम यू जिन के खिलाफ केवल 27 मिनट में 9-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई के सतीश करुणाकरण ने एक घंटे 12 मिनट में चो गिओनयिओप को 17-21, 21-18, 21-19 से हराकर भारत को वापसी दिलाई जिसके बाद त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने महिला युगल में किम मिन जी और किम यू जुंग पर 19-21, 21-16, 21-11 की जीत के साथ स्कोर 2-2 कर दिया। निर्णायक पांचवें मैच में अर्जुन और सात्विक की पुरुष युगल जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 53 मिनट में सुंग सेयुंग और जिन योंग के खिलाफ 14-21, 15-23 से हार गई।



### मानस धामने, शाह और करण को वाइल्ड कार्ड

**पुणे।** उभरते हुए खिलाड़ियों मानस धामने, आर्यन शाह और करण सिंह को बृहस्पतिवार को महा ओपन एटीपी चैलेंजर 100 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप के लिए वाइल्डकार्ड दिया गया। इस प्रतियोगिता में 28 देशों के शीर्ष खिलाड़ी 16 से 23 फरवरी तक यहां खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ इस टूर्नामेंट का आयोजन महाराष्ट्र सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग के सहयोग से म्हालुंगे बालेवाड़ी में शिव छत्रपति खेल परिसर में करेगा। यह प्रतियोगिता भारत में आयोजित होने वाले चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की श्रृंखला का तीसरा टूर्नामेंट है।



बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार होगी लागू

# चैंपियंस ट्रॉफी : टीम इंडिया के साथ नहीं जाएंगे परिजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के परिजन साथ नहीं जाएंगे चूंकि बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिए लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है जिसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेलेगी जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के तीन शहरों में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को है लिहाजा यह दौरा तीन सप्ताह से कम समय का ही है जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की अनुमति नहीं देगा। नई नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो सप्ताह के लिए जा सकता है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, 'अगर कुछ बदलता है तो बात अलग है लेकिन अभी तो खिलाड़ियों के साथ उनका परिवार नहीं जा रहा। एक सीनियर खिलाड़ी ने इसके बारे में पूछा था लेकिन उसे बताया गया कि नई नीति का पालन किया जाएगा।'



### कराची नेशनल स्टेडियम पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

कराची। न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के पाकिस्तान के मैच से पहले कराची नेशनल स्टेडियम के भीतर नकली पहचान पत्र के साथ घुसने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान मुजम्मिल कुरैशी के रूप में की गई है जिसे बुधवार को प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच के दौरान रोका गया। अधिकारी ने कहा, 'वह खुद को पत्रकार बता रहा था और उसके पास आईसीसी तथा पीसीबी के नकली पहचान पत्र थे।' अधिकारी ने बताया कि जब सुरक्षाकर्मियों को संदेह हुआ तो उसने एक और फर्जी पहचान पत्र दिखाया जिसमें उसकी पहचान कैमरामैन के रूप में थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ जारी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नक्सली खौफ : 5 ...

जो सुकमा और बीजापुर जिले के सीमा पर है, वहां के लिए निर्विरोध चुना गया सरपंच कोरसा सन्नू पहले भी सिलगेर से ही सरपंच रहा है। लेकिन सलवा जुडूम के बाद नक्सली खौफ के चलते वह स्थायी रूप से दोरनापाल में रहकर सिलगेर पंचायत का काम संचालित करता रहा है, अब भी यहीं से करेगा। सिलगेर अतिसंवेदनशील क्षेत्र में आता है। इसलिए सरपंच कई महीनों में एकाध बार वहां जा पाता है। वह भी विशेष तौर पर जब कोई बड़ा कार्यक्रम हो और सुरक्षा की व्यवस्था हो तब।

### पांच साल गए नहीं...

चुनाव में मैदान में हैं, जो शहर में रहकर गांव की सरकार का नेतृत्व करेंगे। पड़ोसी राज्य तेलंगाना के सारापाका में रहकर मोरपल्ली के सरपंच पद के लिए भी सरपंच चुनाव मैदान में एक प्रत्याशी के होने की जानकारी मिली है।

### बीएसएफ का पूर्व...

अनुसार घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले की पड़ताल करने 10 अफसरों की टीम गठित कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल करने के साथ टीम सरहदी जिलों में रवाना की गई। इस दौरान मुखबिर से मिले इनपुट के आधार पर टीम राजनांदगांव और नागपुर रवाना की गई।

### एनजीओ चलाता...

देवलाल वर्मा के साथ डकैती की योजना बनाई और देवलाल को सोमशेखर ने मनोहरण के घर के बारे में जानकारी दी। तथा घर में पैसे रखे होने की स्थान के बारे में बताया।

### दुर्ग के जयंती...

अजय, नेहा और ड्राईवर मनुराज घर के अंदर गए। उसी रास्ते से लौटकर अल्टो कार से जंयती स्टेडियम जाते है और पैसों का बंटवारा किया। उसके बाद सब अपने अपने घर चले गए।

### निर्वाचन आयोग ने...

संघ के अध्यक्ष ने कहा है कि वे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे। उल्लेखनीय है कि निगम चुनाव में इस बार बीएलओ की जगह निगम के राजस्व महकमे को निर्वाचन आयोग ने आनन-फानन में मतदाताओं की सरकारी पर्ची बांटने का जिम्मा सौंपा, जो कि पहले से ही चुनाव कार्य में अलग-अलग कार्यों में लगे हुए थे। भोजन सामग्री की व्यवस्था करना, मतदान केन्द्र में टेबल कुर्सी, पानी सफाई की व्यवस्था से लेकर परिवहन व्यवस्था सहित अन्य कार्य संपादित करने की जिम्मेदारी इन्हें सौंपी गई थी।

### हाईकोर्ट में दायर...

के नाम मतदाता सूची में नहीं है। उन्हें वोटिंग के अधिकार से वंचित किया गया है। इसके खिलाफ वे हाईकोर्ट में याचिका भी दायर करेंगे।

### आचार संहिता में...

पकड़ा है। कार्रवाई में अवैध शराब परिवहन व बिक्री में संलिप्त करीब 14 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। पकड़ी गई ज्यादातर गाड़ियां दूसरे राज्यों से आ रही थीं। इस तरह पकड़ी गई शराब भी दूसरे राज्य की ज्यादा है।

### जेवरा सिरसा से...

को चारों तरफ से घेर लिया था उसके बाद कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस ने को बताया कि शराब को उतारने में लोडिंग अनलोडिंग का कार्य किया है।

### रायपुर ...

पास गोवा ब्रांड की शराब से भरा कंटनेर वाहन पकड़ा था, जिसमें से 776 पेटी शराब बरामद किया था।जब्त शराब की कीमत 50 लाख रुपए आंकी गई है, वहीं वाहन की कीमत भी 50 लाख रुपए है।

### कबीरधाम...

ड्यूटी पेड 200 पेटी गोवा स्पेशल व्हिस्की कुल 4770 लीटर शराब जब्त किया। कबीरधाम में 4 फरवरी को चिल्फी जांच चौकी के पास शराब से भरा स्वराज माजदा ट्रक को पकड़ा गया।

### मणिपुर में लगा...

था, लेकिन बीते दिन यानी बुधवार को विधानसभा सत्र बुलाने की समय सीमा खत्म हो गई थी।

### नक्सली खौफ में ...

सड़क, कैंप के साथ ही मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर दिया गया है।

### महाकुंभ के त्रिवेणी...

के साथ 5 इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से संगम तट के अरैल घाट पहुंचने के बाद मोटर बोट से त्रिवेणी संगम पहुंचे और धार्मिक विधि-विधान के अनुसार मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाई और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की।

**त्रिवेणी संगम है संस्कृति का महासंगम : साय-** श्री साय ने कहा, आज तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी संगम में 3 करोड़ छत्तीसगढ़ वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए डुबकी लगाई एवं स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। महाकुंभ सनातन धर्म की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का महापर्व है, यहां आस्था अमृत बनकर आत्मा को ब्रह्म से जोड़ती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, गंगा, यमुना और सरस्वती का यह त्रिवेणी संगम केवल जल का मिलन नहीं, बल्कि अध्यात्म, परंपरा और संस्कृति का महासंगम है। प्रयागराज महाकुंभ न केवल भारत के लिए, बल्कि समूची मानवता के लिए आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। उन्होंने कहा, यह आयोजन हमारी आध्यात्मिक जड़ों को सुदृढ़ करने और सनातन संस्कृति के दिव्य स्वरूप को विश्वभर में प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की व्यवस्थाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ से आए श्रद्धालुओं ने भी इस दिव्य आयोजन और उसकी व्यवस्थाओं की मुक्त कंठ से सराहना की है।

**कांग्रेस के सात विधायक और भाजपा नेता भी गए-** कांग्रेस ने सात विधायक लैलूंगा की विधायक विद्यावती सिदार, अकलतरा के विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, जांजगीर चांपा के व्यास कश्यप, चंद्रपुर के रामकुमार यादव, जैजैपुर के बालेश्वर साहू, कसडोल के संदीप शर्मा और भाटापारा के इद्र साव भी गए। इसी के साथ भाजपा नेताओं में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पांडेय, गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय सहित और कई भाजपा नेता भी गए।

### जय अंबे इमरजेंसी...

स्थित ऑफिस में बुधवार को सर्वे की कार्रवाई की थी। इमरजेंसी सर्विस चलाने वाली कंपनी के तीन डायरेक्टर हैं, जिनमें से दो डायरेक्टर जोगेंद्र तथा धर्मेंद्र सिंह मौके पर मिले। तीसरा डायरेक्टर अमरेंद्र सिंह नहीं था।

### स्थापना लागत, खर्चे...

गई। इस दौरान सभी संदिग्ध लेन-देन से संबंधित बिलों की बारीकी से जांच की गई। कंपनी किराए की बिल्डिंग में संचालित होने के बावजूद असामान्य रूप से ऊंचे खर्च दर्शा रही थी। कार्रवाई के दौरान टीम ने अकाउंट्स डिपार्टमेंट से तीन डेस्क टॉप, चार लैपटॉप की इंट्रियों की गहन जांच की और कंपनी से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों के लगभग पांच मोबाइल फोन जब्त किए।

### मां की आंखों...

रही थी। उधर, ग्वालियर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ने अगवा बच्चे की जानकारी देने वाले को 30,000 की इनाम देने का ऐलान किया है। घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया है। फिलहाल पुलिस की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक पुलिस को अपहरणकर्ताओं का कोई सुराग नहीं लगा है। **घटना का कारोबारियों ने किया विरोध-** सरेराह बच्चे को अगवा करने के विरोध में मुरार इलाके में व्यापारियों अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए हैं। स्थानीय व्यापारियों ने घटनास्थल पर चक्काजाम कर दिया। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस जितनी जल्दी हो सके कार्रवाई करें नहीं तो हम व्यापारी आगे के कदम उठाएंगे। व्यापारियों ने घटना के विरोध में मुरार बाजार बंद करने की घोषणा की है। साथ ही मामले में जल्दी कार्रवाई न होने पर अनशन करने की भी बात कही है।

### केंद्र सरकार को...

नहीं होने को लेकर जनहित याचिका लगाई गई है। इस पूरे मामले में चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई दौरान बेंच ने इस मामले में कहा कि गंभीर चिंता का विषय है, जहां साइबर अपराध हो रहे हैं, ऐसे व्यक्ति को नियुक्ति बिलकुल जरूरी है। केन्द्र सरकार को तत्काल नियुक्ति के लिए उचित कदम उठाने निर्देश दिए हैं। वहीं केन्द्र सरकार का पक्ष रखने वाले अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा को इस मामले में चार सप्ताह में शपथ पत्र पेश कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता शिरीन मालेवर ने अधिवक्ता रूद्रप्रताप दुबे और गौतम खेत्रपाल के माध्यम से याचिका दाखिल की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट में बताया कि देशभर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

HMS शिव साईटिका तेल
